**ANNEXURE: II**

**SUPPORTING EVIDENCE FOR BEST PRACTICE-2**



अंब कॉलेज में मनाया विश्व युवा कौशल दिवस

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में शनिवार को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों की तरफ से प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में वॉल हैंगिंग, पोस्टर, लाईटनिंग बॉल्स, स्लोगन; पोस्टर और मैराथन का आयोजन भी किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने बच्चों की तरफ से बनाए गए सामान को देखा और उसकी सराहना की। इस अवसर पर नोडल अधिकारी रेखा शर्मा, काउंसलर अनूराग शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

1. Celebration of World Youth Skill Day dated 16.07.2022



# अम्ब कालेज में रैगिंग की सजा बारे बताया

अम्ब, 27 जुलाई (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में एंटी रैगिंग विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में कोर्ट नं.-2 अम्ब के सिविल जज विशाल तिवारी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को रैगिंग के बारे में बताया और इसके परिणाम, सजा और जुर्माने के प्रावधान के बारे में भी बताया।

उन्होंने महाविद्यालय में एंटी रैगिंग से संबंधित कमेटियों, हैल्पलाइन नंबर और महाविद्यालय द्वारा दी जाने वाली सजा के प्रावधान की जानकारी भी विद्यार्थियों के साथ सांझा की।

अम्ब : स्थानीय कालेज में एंटी रैगिंग विषय पर आयोजित व्याख्यान के मौके पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे कोर्ट नं.-2 अम्ब के सिविल जज विशाल तिवारी को सम्मानित करते हुए उपप्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान। (अश्विनी)

कार्यक्रम में उपप्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान ने मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

2. A lecture on awareness about Anti- Ragging dated 27.07.2022



# अम्ब कालेज में चलाया सैल्फी विद तिरंगा कैंपेन

अम्ब, 8 अगस्त (अश्विनी): आजादी का अमृत महोत्सव के मद्देनजर महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एकदिवसीय सैल्फी विद तिरंगा कैंपेन का आयोजन किया गया।

सोमवार को कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में सैल्फी प्वाइंट स्थापित किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तिरंगे के साथ सैल्फी खींचकर हर घर तिरंगा कैंपेन का समर्थन किया गया। कैंपेन की शुरूआत प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने एन.सी.सी. कैडेट्स के साथ सैल्फी खींच कर की। विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने सैल्फी प्वाइंट पर सैल्फी खींचकर हर घर तिरंगा कैंपेन में भाग लिया और अपनी-अपनी सैल्फी को अपलोड किया।

अम्ब : स्थानीय कालेज में एकदिवसीय सैल्फी विद तिरंगा कैंपेन का शुभारंभ करते प्राचार्य डा. रमन शर्मा, एन.सी.सी. कैडेट्स व स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

3. Selfie With TIRANGA dated 08.08.2022

# समूह गान में कामिनी व सहेलियां रहीं प्रथम



*अम्ब : स्थानीय कालेज में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में।* *(अश्विनी)*

अम्ब, (अश्विनी) : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा. रमन कुमार की अध्यक्षता में किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने एकल गायन व समूह गान के माध्यम से देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर देश के प्रति अपनी लगन को दर्शाया और अभी को इस के प्रति प्रेरित किया।

समूह गान में प्रथम स्थान पर कामिनी और उसकी सहेलियां, द्वितीय स्थान पर नेहा और उसकी सहेलियां व तृतीय स्थान पर एन.सी.सी. कैडेट रहे। एकल गायन में मनवीर सिंह प्रथम, मनोरमा द्वितीय और उमेश तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. अजय, प्रो. जगमोहन और प्रो. प्रीति द्वारा अदा की गई। समारोह के दौरान प्रो. दर्शन, प्रो. सुखदेव, प्रो. अनिल, प्रो. रिचु, प्रो. हरजीत, प्रो. आशुतोष और प्रो. रेनू इत्यादि उपस्थित रहे।

4. Azadi Ka Amrit Mahotsav dated 10.08.2022

5.

# अम्ब कालेज में तिरंगे के इतिहास पर आधारित लघु फिल्म दिखाई

अम्ब, 11 अगस्त (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को भारत की आन, बान एवं शान के प्रतीक भारतीय तिरंगा झंडा के इतिहास पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म के माध्यम से भारतीय झंडे की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी द्वारा 1906 में और अंतिम साकार रूप 1947 में मिलने के बारे में दर्शाया गया। झंडे में केसरिया, सफेद और हरे रंग की महत्ता के बारे में भी दिखाया गया।

झंडे के बीच में स्थित चक्र की अहमियत भी सभी ने इस फिल्म के माध्यम से जानी। प्राचार्य डा. रमन कुमार ने सभी से आह्वान किया कि झंडे की आन, बान एवं शान को बरकरार रखते हुए इस आजादी के अमृत महोत्सव को बड़े जोश व ऊर्जा से मनाते हुए इस आजादी के जश्न को साकार रूप प्रदान करना है। समारोह के दौरान प्रो. दर्शन, प्रो. सुखदेव, प्रो. अनिल, डा. विजेंद्र, प्रो. हरजीत, प्रो. आशुतोष और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



अम्ब : तिरंगे के इतिहास पर आधारित एक लघु फिल्म देखने के बाद प्राचार्य डा. रमन शर्मा स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 12-08-2022

## लघु फिल्म से बताया राष्ट्रीय ध्वज का इतिहास

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में आजादी का अमृत महोत्सव में राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। झंडे में केसरिया, सफेद और हरे रंग की महत्ता के बारे में भी दिखाया गया। झंडे के बीच में स्थित चक्र की अहमियत भी सभी ने इस फिल्म के माध्यम से जानी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने आजादी के अमृत महोत्सव की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. दर्शन, प्रो. सुखदेव, प्रो. अनिल, डॉ. विजेंद्र, प्रो. हरजीत, प्रो. आशुतोष मौजूद रहे। संवाद

समाचार पत्र : अमर उजाला
दिनांक : 12-08-2022

5. Short movie on history of TIRANGA dated 11.08.2022



## समूह गान में कामिनी व सहेलियां रहीं प्रथम

अम्ब : स्थानीय कालेज में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

अम्ब, (अश्विनी) : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा. रमन कुमार की अध्यक्षता में किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने एकल गायन व समूह गान के माध्यम से देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर देश के प्रति अपनी लगन को दर्शाया और अभी को इस के प्रति प्रेरित किया।

समूह गान में प्रथम स्थान पर कामिनी और उसकी सहेलियां, द्वितीय स्थान पर नेहा और उसकी सहेलियां व तृतीय स्थान पर एन.सी.सी. कैडेट रहे। एकल गायन में मनवीर सिंह प्रथम, मनोरमा द्वितीय और उमेश तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. अजय, प्रो. जगमोहन और प्रो. प्रीति द्वारा अदा की गई। समारोह के दौरान प्रो. दर्शन, प्रो. सुखदेव, प्रो. अनिल, प्रो. रिवु, प्रो. हरजीत, प्रो. आशुतोष और प्रो. रेनू इत्यादि उपस्थित रहे।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 11-08-2022

## अंब कालेज में गूंजे देश भक्ति के तराने

अंब। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा. रमन कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने एकल गायन व समूह गान के माध्यम से देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर देश के प्रति अपनी लग्न को समर्पित करने का प्रयास किया। समूह गान में प्रथम स्थान पर कामिनी और उसकी सहेलियों, द्वितीय स्थान पर नेहा और उसकी सहेलियों व तृतीय स्थान पर एनसीसी कैडेट रहे। एकल गायन में मनवीर सिंह प्रथम, मनोरमा द्वितीय स्थान पर और उमेश तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्राचार्य महोदय के द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. अजय, प्रो. जगमोहन और प्रो. प्रीति के द्वारा अदा की गई। इस समारोह के दौरान प्रो. दर्शन, प्रो. सुखदेव, प्रो. अनिल, प्रो. रिवु, प्रो. हरजीत, प्रो. आशुतोष और प्रो. रेनू इत्यादि उपस्थित रहे।

समाचार पत्र : दिव्य हिमाचल
दिनांक : 11-08-2022

6.Various Competitions held on the occasion of Azadi ka Amrit Mahotsav dated 12.08.2022



अम्ब : आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर तिरंगा यात्रा निकालने से पहले विद्यार्थी प्राचार्य डा. रमन शर्मा व स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 13-08-2022

7. Tiranga Yatra on the occasion of Azadi ka Amrit Mahotasav dated 12.08.2022



# स्वयंसेवकों ने की कालेज परिसर की सफाई

अम्ब, 13 अगस्त (रजनी): महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्ब में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ भारत पखवाड़ा अभियान के तहत कालेज परिसर में स्वच्छता अभियान लाया गया।

प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने ार्थियों को स्वच्छता के प्रति गरूक किया। इस अवसर पर .एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर डा. नीश कुमार और डा. प्रीति स्थित रहे।

प्रो. प्रीति ने बच्चों को स्वच्छता फायदों के बारे में बताया व डा. रजनीश कुमार ने अस्वच्छता के कारण कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं तथा उससे कैसे बचा जा सकता है, इसके बारे में जागरूक किया।

इस मौके पर एन.एस.एस. स्वयंसेवक सौरव, अभय, रोहित, निखिल, सयम व अन्य स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

*अम्ब : महाविद्यालय अम्ब में एन.एस.एस. के स्वयंसेवी कालेज परिसर की साफ-सफाई करते हुए।* (रजनी)

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 14-08-2022

8. Cleanliness drive under ‘Sawachhata ka Pakwhada’ dated 13.08.2022

9.

# विद्यार्थियों को वोट बनवाने के लिए किया प्रेरित

## अम्ब कालेज में निर्वाचन साक्षरता क्लब ने लगाया जागरूकता व्याख्यान

अम्ब, 21 अगस्त (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। निर्वाचन विभाग के सहयोग से संपन्न हुए कार्यक्रम में एस.डी.एम. एवं निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी डा. मदन कुमार, नायब तहसीलदार मानविंदर सिंह व निर्वाचन कानूनगो अजय कुमार ने शिरकत की।

इस मौके पर उपमंडलाधिकारी ने विद्यार्थियों को वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. सुखदेव ने मंच संचालन किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने भी विद्यार्थियों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।



अम्ब : निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा आयोजित जागरूकता व्याख्यान के बाद स्थानीय कालेज के विद्यार्थी निर्वाचन विभाग के अधिकारियों व प्राचार्य डा. रमन शर्मा के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 22-08-2022

9. Awareness Program on Electoral Literacy dated 21.08.2022

10.



# अंब कालेज में किया पौधारोपण

अंब। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में ईको क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एकदिवसीय जड़ी बूटी पौधारोपण ड्राइव का आयोजन किया गया। इस का आगाज प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा द्वारा एक चंदन का पौधारोपण करके किया गया। प्राचार्य ने ईको क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रोग्राम अधिकारियों डा. निधि शर्मा, प्रो प्रीति, डा. रजनीश शर्मा और सभी स्वयंसेवियों को इस महत्त्वपूर्ण गतिविधी के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस ड्राइव में स्वयंसेवियों द्वारा वनस्पति उद्यान में एलोवेरा, तुलसी एवं पुदीना जैसी विभिन्न प्रजातियों की जड़ी बूटियों के पौधे लगाए गए। इस विशेष अवसर पर प्रो दर्शन, प्रो सुखदेव, प्रो. अनिल वर्मा और महाविद्यालय का समस्त प्राध्यापक एवं गैर प्राध्यापक उपस्थित थे।

10. Herbal Plantation Drive by Eco Club and NSS unit dated 23.08.2022

11.



## स्वीप के तहत कालेज के एन.सी.सी. यूनिट ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

### भाषण प्रतियोगिता में मोहित प्रथम

अम्ब, 7 सितम्बर (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में निर्वाचन साक्षरता क्लब व निर्वाचन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को हुई प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों को वोट का अधिकार, महत्ता और भूमिका के बारे में अवगत करवाना रहा।

प्रतियोगिता में 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में शामिल प्रो. सुरुचि शर्मा, प्रो. सुखदेव और डा. कुमारी सुजाता द्वारा निकाले गए परिणाम में मोहित कुमार ने प्रथम, दामिनी ने दूसरा व खुशबू ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

अम्ब (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा स्थानीय निर्वाचन विभाग, चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र 41 के सहयोग से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों और समस्त जनता को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 08-09-2022

11. Awareness program and rally under SVEEP Mission dated 07.09.2022



# जिलेभर के शिक्षण संस्थानों में हिंदी दिवस की धूम

## विद्यार्थियों में हुई भाषण, नारा लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं

हिंदी दिवस पर अंब कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों के साथ कॉलेज का स्टाफ। • संवाद

## मनवीर ने किया सबसे बेहतरीन कविता पाठ

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में हिंदी विभाग ने हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने कविता पाठ और दोहे प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. कुमारी सुजाता ने किया। मुख्यातिथि रहे प्राचार्य डॉ. रमन शर्मा ने सभी प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की। हिंदी दिवस आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर मनवीर सिंह भाटिया, द्वितीय स्थान पर महेश चौधरी, तृतीय स्थान पर अनीशा और सांत्वना पुरस्कार के लिए आंचल ठाकुर को प्राचार्य ने स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। संवाद

समाचार पत्र : अमर उजाला
दिनांक : 15-09-2022

अम्ब (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में विद्यार्थियों द्वारा कविताएं व दोहे प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन डा. कुमारी सुजाता द्वारा किया गया। समारोह के मुख्यातिथि प्राचार्य डा. रमन शर्मा रहे। इस हिन्दी दिवस पर प्रथम स्थान पर मनवीर सिंह भाटिया, द्वितीय स्थान पर महेश चौधरी, तृतीय स्थान पर अनीशा और सांत्वना पुरस्कार के लिए आंचल ठाकुर को प्राचार्य द्वारा स्मृतिचिन्ह के साथ सम्मानित किया गया।

: कालेज में कविता एवं प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी ईनाम हासिल करने व मुख्यातिथि प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य स्टाफ के साथ।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 15-09-2022

## महाराणा प्रताप कालेज में कविताएं

अंब। महाराणा प्रताप कालेज अंब में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा कविताएं व दोहे प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की और इस अवसर पर हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनवीर सिंह भाटिया, द्वितीय स्थान पर महेश चौधरी, तृतीय स्थान पर अनीशा और सांत्वना पुरस्कार के लिए आंचल ठाकुर रहे।

12. Celebration of Hindi Diwas dated 14.09.2022



# 30 खिलाड़ियों ने सीखे तलवारबाजी के गुर

अम्ब, 19 सितम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में 7 दिवसीय तलवारबाजी अभ्यास शिविर संपन्न हुआ।

सोमवार को कैंप के समापन पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस मौके पर फैंसिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष शादीलाल गोस्वामी ने बताया कि शिविर में 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

संघ का प्रयास है कि पूरे प्रदेश में इस प्रकार के अभ्यास शिविरों का आयोजन किया जाए। इस मौके पर डी.पी.ई. डा. पवन कुमार, तलवारबाजी संघ के महासचिव अतुल ठाकुर, कोच कन्हैया लाल व अंजना देवी उपस्थित रहे।

अम्ब : अम्ब कालेज में आयोजित तलवारबाजी अभ्यास शिविर के दौरान मुख्यातिथि प्राचार्य डा. रमन शर्मा व तलवारबाजी संघ के प्रदेशाध्यक्ष शादीलाल गोस्वामी खिलाड़ियों के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 20-09-2022

## अंब कॉलेज में सिखाए तलवारबाजी के गुर

अंब (ब्यूरो)। अंब कॉलेज में सात दिवसीय तलवारबाजी शिविर का आयोजन किया गया। तलवारबाजी संघ के सचिव अतुल ठाकुर ने बताया कि 13 सितंबर से 19 सितंबर तक आयोजित शिविर में 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सोमवार को शिविर के समापन अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। तलवारबाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शादीलाल गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश में तलवारबाजी को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संवाद

अंब में तलवारबाजी शिविर के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के साथ खिलाड़ी। संवाद

समाचार पत्र : अमर उजाला
दिनांक : 20-09-2022

13. Seven Day Fencing camp dated 13.09.2022 to 19.09.2022

# विद्यार्थियों को आपदा से बचाव बारे दी जानकारी

अम्ब, 22 सितम्बर (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में आपदा प्रबंधन के संदर्भ में 14वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल नालागढ़ द्वारा विद्यार्थियों को आपदा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों व बचाव के उपायों बारे जानकारी डैमोंस्ट्रेशन के माध्यम से दी गई। यह सारी गतिविधियां जिला आपदा प्रबंधन की प्रभारी सुमन चाहल की निगरानी में की गई। इस दल की अगुवाई इंस्पैक्टर अवधेश कुमार ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. रजनीश, एन.सी.सी. के प्रभारी प्रो. अनिल, रोवर्स एवं रेंजर्स के प्रभारी प्रो. सुरेता, प्रो. राजेश, प्रो. राजेश, डा. सोफिया प्रभाकर, प्रो. रेखा शर्मा सहित समस्त प्राध्यापक एवं गैर प्राध्यापक उपस्थित रहे।



अम्ब : स्थानीय कालेज में जिला आपदा प्रबंधन की टीम कालेज स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ सामूहिक चित्र में।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 23/9/22

14. Workshop on Disaster Management by 14th Battalion NDRF, Nalagarh dated 22.09.2022



## अम्ब कालेज में मनाया एन.एस.एस. दिवस

अम्ब (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में डा. अमित शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में एन.एस.एस. प्रभारी डा. रजनीश व प्रो. प्रीति सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 25-09-2022

## प्रतियोगिताएं सजी

अंब। महाराणा प्रताप कालेज अंब में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कालेज प्राचार्य डाक्टर रमन शर्मा ने बताया कि इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा सांग, भाषण, नृत्य, गिद्दा, पहाड़ी नृत्य, भंगड़ा, नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वेलकम सांग से की गई। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि डाक्टर अमित शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डाक्टर रजनीश व प्रोफेसर प्रीति ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। डा. अमित शर्मा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व के बारे जागरूक किया।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक: 25-09-2022

15. Celebration of NSS Day dated 24.09.2022

# वोट का महत्व समझें विद्यार्थी : रमन शर्मा



*अम्ब : बैडमिंटन व भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं के दौरान प्रतिभागी प्राचार्य डा. रमन शर्मा व स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में।* अश्विनी

## स्वीप कार्यक्रम के तहत अम्ब कालेज में करवाई प्रतियोगिताएं

अम्ब, 7 अक्तूबर (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में स्वीप कार्यक्रम के तहत बैडमिंटन व भारोत्तोलन प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस मौके पर मुख्यातिथि प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे वोट के महत्व को समझें और आने वाले चुनावों में अपने मत का जरूर उपयोग करें।

मुख्यातिथि ने भारोत्तोलन में विजेता रहे जतिन, आफताब, अनिकेत, विशाल, सौरव, शिवम, हरप्रीत, प्रणव और साहिल को सम्मानित किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में युगल मुकाबले में हर्ष की टीम और एकल मुकाबलों में वंश व युवराज विजयी रहे।

इस दौरान महाविद्यालय परिसर में चुनाव आयोग की मुहिम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्रो. सुखदेव, डा. सुरुचि शर्मा, डा. पवन पटियाल, विनोद कुमार और रिपन शर्मा के अलावा निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

16. SVEEP Programme by Electoral literacy club dated 07.10.2022



# अंब कॉलेज में मनाया करवाचौथ

अंब (ऊना)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अंब ने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में करवा चौथ के मौके पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रमन ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मेहंदी लगाकर छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संवाद

17. Mehandi competition on Karva Chauth dated 12.10.2022

18.



# बच्चों को आपदा से बचाव के प्रति किया जागरूक

अंब (ऊना)। अंब कॉलेज में डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट क्लब की ओर से राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया।

क्लब अध्यक्ष डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में दमकल विभाग को छात्रों को जागरूकता के लिए बुलाया गया था। इसके अंतर्गत फायर ब्रिगेड विभाग की ओर से हेड इंचार्ज राकेश कुमार, फायरमैन मनोहर सिंह, होमगार्ड सरवन कुमार व ड्राइवर राकेश कुमार उपस्थित रहे। राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को आपदा के नुकसान और उनसे बचने के उपाय बताए।

मनोहर सिंह ने आपदा के होने वाले नुकसान के बारे में छात्रों को अवगत करवाया व दूसरों की सहायता के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अध्यापक भी उपस्थित रहे। संवाद

अंब कालेज में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता शिविर के दौरान छात्र छात्राएं। संवाद

18. Celebration of National Disaster Risk Management Day dated 13.10.2022

19.

# प्लेसमेंट ड्राइव में नौ विद्यार्थियों का चयन

## अंब कॉलेज में बजाज कैपिटल ने लगाया एक दिवसीय शिविर, ट्रेनिंग के बाद ऊना में देंगे सेवाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में शुक्रवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड के ऊना तथा कांगड़ा स्थित कार्यालयों के लिए विद्यार्थियों का चयन किया।

कंपनी की तीन सदस्यीय टीम ने प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों का चयन किया। कंपनी के उच्च अधिकारी सुमित कुमार नें विद्यार्थियों को प्री प्लेसमेंट टॉक के माध्यम से कंपनी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। महाविद्यालय के नवनियुक्त ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रोफेसर अनिल वर्मा ने बताया कि साक्षात्कार में महाविद्यालय के 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें नौ विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी रविवार से अपनी ट्रेनिंग आरंभ करेंगे। ट्रेनिंग के उपरांत बजाज कैपिटल के ऊना स्थित कार्यालय में अपनी सेवाएं देंगे। चयनित विद्यार्थियों को कंपनी करीब 16,000 प्रतिमाह वेतन देगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रमन कुमार शर्मा ने प्लेसमेंट ड्राइव के प्रयासों को विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर देने वाला बताया।



अंब कॉलेज प्लेसमेंट ड्राइव के मौके पर कंपनी प्रतिनिधि और कॉलेज स्टाफ के साथ चयनित विद्यार्थी। -संवाद

19. One Day Placement Drive by Bajaj Capital Insurance Broking Limited Company dated 14.10.2022

# अम्ब कालेज में चलाया स्वच्छता अभियान

अम्ब, 18 अक्तूबर (अश्विनी): युवा खेल सेवाएं एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं नेहरू युवा केंद्र ऊना के माध्यम से करवाए जा रहे स्वच्छता अभियान 2.0 के अंतर्गत मंगलवार को महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय के सौजन्य से अम्ब के खेल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में मुख्यातिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र ऊना के उपनिदेशक डा. लाल सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा, चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक अश्विनी कुमार धीमान, डा. लिली जिला नोडल ऑफिसर एन.एस.एस. तथा सेवानिवृत्त प्रवक्ता श्याम दुलारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा गांव के आसपास के इलाकों में साफ-सफाई की गई तथा कूड़ा-कर्कट एकत्रित करने के बाद रैली निकाली गई और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रोग्राम ऑफिसर के साथ स्वयंसेवी प्रधान सौरव, प्रांजली, मीडिया प्रभारी नवीन सूद, दीपिका सूद, साहिल डोगरा, पीयूष व अन्य स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 19-10-2022

20. Cleanliness Drive under Swachhta Abhiyan 2.0 dated 18.10.2022



# प्रोग्रामर बनने के लिए 120 छात्रों ने किया पंजीकरण

**अंब (ऊना)।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव चलाई गई। इसमें बीएससी और बीसीए के विद्यार्थियों के लिए एचसीएल के टेक-बी प्रोग्राम के बारे में बताया गया।

हिंदुस्तान कंप्यूटर लिमिटेड की ओर से देव आशीष शर्मा ने विद्यार्थियों से प्री प्लेसमेंट टॉक के माध्यम से कंपनी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में लगभग 120 विद्यार्थिओं ने भाग लिया और पंजीकरण करवाया।

महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि बीते वर्ष भी महाविद्यालय के छह विद्यार्थी इस कार्यक्रम के लिए चयनित हुए थे।

पंजीकृत हुए विद्यार्थियों को एचसीएल की निर्धारित चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। चयनित होने के बाद विद्यार्थी अपनी एक वर्ष की ट्रेनिंग आरंभ करेंगे। छह माह की ट्रेनिंग पूरी करने के बाद विद्यार्थियों को एचसीएल की ओर से 10,000 रुपये मानदेय भी दिया जाएगा।

प्रशिक्षण पूरा करने के बाद एचसीएल द्वारा लगभग 2.2 लाख का पैकेज दिया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी। संवाद

21. One Day Placement Drive by HCL Tech BEE Program dated 19.10.2022

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर एन.एस.एस. स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने एकता में शक्ति का प्रदर्शन करते हुए एकजुट होकर दौड़ लगाई। इस मौके पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एन.एस.एस. प्रभारी डा. रजनीश व प्रो. प्रीति, स्वयंसेवी प्रधान सौरभ, प्रान्जली, मीडिया प्रभारी नवीन सूद, दीपिका सूद, पीयूष, मनीषा, हर्ष, साहिल, तनु, दीक्षा व सोनू सहित अन्य स्वयंसेवी उपस्थित रहे।



अम्ब : सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर अम्ब कालेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित एन.एस.एस. स्वयंसेवी।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 01-11-2022

## स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर लगाई दौड़

अंब। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप कालेज अंब में स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय हित में काम करने की शपथ ली। एकता में शक्ति प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर दौड़ लगाई। कालेज प्राचार्य डाक्टर रमन शर्मा ने बताया कि इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा बतलाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वयंसेवी सौरभ, नवीन सूद, दीपिका सूद, पीयूष, मनीषा, हर्ष, साहिल, तनु, दीक्षा, सोनू, अनन्य आदि उपस्थित थे।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक : 01-11-2022

22. Celebration of National Unity Day dated 31.10.2022



# मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा झंडा और स्थापना दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ रमन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में इस समारोह में शिरकत की।

इकाई के रोवर्स एवं रेंजर्स ने इस दौरान मतदाता जागरूकता विषय पर आधारित नारा लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और एक रैली का भी आयोजन किया गया जिसके माध्यम से बाजार में लोगों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि ने सभी रोवर्स एवं रेंजर्स को इस विशेष अवसर पर स्थापना दिवस की बधाई दी और सभी से आह्वान किया कि वह आने वाले चुनावों में वोट जरूर डालें और सभी जानने वालों को भी इस नेक काम के लिए प्रेरित करें। इस विशेष अवसर पर डॉ राजेश शर्मा, डा सोफिया प्रभाकर, प्रो अमित शर्मा, रोवर्स एवं रेंजर्स के प्रभारी प्रो. सुरेता और डॉ राजेश सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। संवाद

23. Celebrations on Rover & Ranger Foundation Day dated 07.11.2022

# नारा लेखन प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम

## अम्ब कालेज में विश्व विज्ञान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



अम्ब : विश्व विज्ञान दिवस पर अम्ब कालेज में करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करने के बाद उप प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार शर्मा व अन्य सामूहिक चित्र में।

अम्ब, 17 नवम्बर (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन क्लब द्वारा विश्व विज्ञान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

वीरवार को कार्यक्रम समन्वयक डा. गोदावरी की देखरेख में नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका विषय संसटेनेबल डिवैल्पमैंट पर आधारित था।

इस मौके पर क्लब के सदस्यों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने व्यर्थ पड़ी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु संसटेनेबल डिवैल्पमैंट का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को इस प्रकार की सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में डा. कृष्णा, प्रो. अजय व प्रो. सुरेता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

नारा लेखन में साक्षी ने प्रथम, शैफाली ने द्वितीय व अनीता ने तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में अनामिका ने प्रथम, गुनगुन ने द्वितीय व पारुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. राजेश कुमार शर्मा ने प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डा. सोफिया प्रभाकर, डा. शीतल शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 18-11-2022

24. Competitions on Sustainable Development on World Science Day dated 17.11.2022



# अम्ब में 50 यूनिट रक्त किया एकात्रत

अम्ब, 25 नवम्बर (अश्विनी): एच.डी.एफ.सी. बैंक व महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कालेज परिसर में आयोजित शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने किया। शिविर में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पहुंची टीम ने 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

इस मौके पर एच.डी.एफ.सी. बैंक के प्रबंधक कमल धीमान, ब्रांच आप्रेशन मैनेजर जगतार चंद, संजीव कुमार, प्रदीप लट्ठ, अक्षित कुमार, मोहित जसवाल, दलीप कुमार, सुदित सूद, मोहित व गुरविन्द्र सिंह सहित बैंक के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

अम्ब : एच.डी.एफ.सी. बैंक व महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ के दौरान मुख्यातिथि प्राचार्य डा. रमन शर्मा के साथ बैंक के अधिकारी व कर्मचारी। (अश्विनी)

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 26-11-2022

25. Blood Donation Campaign dated 25.11.2022



# संविधान की रक्षा करने की ली शपथ

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. रमन शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस मौके पर एन.एस.एस. प्रभारी डा. रजनीश व प्रो. प्रीति भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ऊना/अम्ब : गवर्नमैंट कालेज ऊना में एन.एस.एस. इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. सतदेव भारद्वाज के साथ विद्यार्थी व (दाएं) अम्ब कालेज में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एन.एस.एस. प्रभारी सहित शपथ लेते स्वयंसेवक।

26. Celebration of Constitution Day dated 26.11.2022



# एन.सी.सी. कैडेट्स ने किया 53 यूनिट रक्तदान

## अम्ब कालेज में 74वें एन.सी.सी. दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

अम्ब, 27 नवम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में 74वें एन.सी.सी. दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को एन.सी.सी. की ऊना इकाई की ओर से महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय अम्ब, गवर्नमैंट कालेज ढलियारा तथा गवर्नमैंट कालेज दौलतपुर के एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लिया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने रक्तदान कर किया।

एन.सी.सी. यूनिट ऊना की ओर से हवलदार सुनील कुमार तथा हवलदार अजय ने शिविर में भाग लिया। इस शिविर का आयोजन रीजनल अस्पताल ऊना की 5 सदस्यीय टीम की देखरेख में किया गया, जिसकी अध्यक्षता डा. सुचारिता लट्ठ द्वारा की गई। एन.सी.सी. केयरटेकर ऑफिसर प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि शिविर में तीनों महाविद्यालयों के लगभग 80 एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लिया तथा 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी कैडेट्स, एन.सी.सी. यूनिट ऑफिस ऊना तथा रीजनल अस्पताल ऊना को बधाई दी।

27. Blood Donation Camp on 74th NCC Day dated 27.11.2022

# केंद्रीय छात्र परिषद संघ ने ली पद व गोपनीयता की शपथ



अम्ब : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में नव चयनित केंद्रीय छात्र परिषद संघ के प्रतिनिधियों को शपथ दिलाने के बाद प्राचार्य डा. रमण शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्य सामूहिक चित्र में।

## अम्ब कालेज में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

अम्ब, 15 दिसम्बर (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में नव चयनित केंद्रीय छात्र परिषद संघ 2022-23 का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्यातिथि प्राचार्य डा. रमन शर्मा रहे। प्राचार्य ने केंद्रीय छात्र परिषद संघ की अध्यक्ष किरण चौधरी, उपाध्यक्ष कोमल ठाकुर और सचिव अनामिका को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

उप प्राचार्य डा. राजेश शर्मा द्वारा विभिन्न कक्षाओं के प्रतिनिधियों मनीषा शर्मा, अरुंधति, सिमरन ठाकुर, कृतिका शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, दीपक राणा, प्रियंका, कनव भारद्वाज, खुशी लोहिया, अनुष्का सूद, अंजु बाला, प्रेरणा ठाकुर, कोमल ठाकुर, तनिष्का, कोमल भाटिया, प्रिया देवी और श्रेया शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

डा. सोफिया प्रभाकर द्वारा विभिन्न क्लबों और सोसायटी के सदस्यों नवीन सूद, तनु शर्मा, सौरव बदौन, प्रांजलि ठाकुर, अंशिता राणा, समीर चौधरी, नेहा देवी, हरप्रीत सिंह, स्वाति ठाकुर, विशाल गढ़वाल, कोमल और अभिषेक कौंडल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मंच संचालन प्रो. सुखदेव द्वारा किया गया। प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने सभी केंद्रीय छात्र परिषद संघ के सदस्यों को बधाई दी और सभी से भविष्य में महाविद्यालय के समग्र विकास व छात्र हित के लिए समय-समय पर सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा, डा. सतपाल, प्रो. अमित, डा. गोदावरी, डा. कृष्णा, डा. सुजाता, प्रो. जमीत, प्रो. प्रीति, प्रो. सुरेता, डा. रजनीश, प्रो. पूनम, प्रो. अरुणा और समस्त प्राध्यापक व गैर-प्राध्यापक उपस्थित रहे।

28. Oath Taking Ceremony of CSCA dated 15.12.2022

# अंब कॉलेज में चलाया सफाई अभियान



अंब कॉलेज में सफाई करते एनएसएस स्वयंसेवक -संवाद

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में एनएसएस इकाई ने शुक्रवार को सफाई अभियान चलाया।

स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर, कमरों और पंखों को साफ किया गया। कॉलेज परिसर में उपस्थित बच्चों को साफ [illegible]फाई के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार और प्रो प्रीति ने बच्चों को एनएसएस के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर एनएसएस अध्यक्ष सौरभ, प्रांजलि, उपाध्यक्ष त्रिवेणी मौजूद रहे। संवाद

29. Cleanliness Drive dated 16.11.2022

# अम्ब कालेज में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर शुरू



अम्ब : अम्ब कालेज में शुरू हुए एन.एस.एस. के 7 दिवसीय शिविर के शुभारंभ पर मुख्यातिथि प्राचार्य डा. रमन शर्मा को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित करते एन.एस.एस. प्रभारी। (अश्विनी)

अम्ब, 24 दिसम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन की शुरूआत स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना व प्राणायाम से की गई। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी डा. रजनीश उपस्थित रहे। शिविर के शुभारंभ पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। शिविर के पहले दिन आयोजित गैस्ट लैक्चर में अश्विनी धीमान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने स्वयं[illegible]कों को लक्ष्य प्राप्त करने के टिप्स [illegible]। इस मौके पर डा. अमित शर्मा और प्रो. सुजाता सहित कालेज स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समाचार पत्र - पंजाब केसरी
दिनांक - 25/12/22

30. Seven Day NSS Camp dated 23.12.2022 to 30.12.2022



## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने की सफाई


अंब (ऊना)। राजकीय महाविद्यालय अंब में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ, सभी स्वयंसेवकों ने दिन की शुरुआत प्रार्थना से की।

इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. रजनीश ने सभी स्वयंसेवकों को सात दिवसीय शिविर की बारे जानकारी प्रदान की। प्रार्थना के पश्चात सभी स्वयंसेवी अपने अपने कार्य में लग गए। सात दिवसीय शिविर की ओपनिंग सेरिमनी में प्राचार्य डॉ. रमन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि एनएसएस रखने से व्यक्ति मानसिक, शारीरिक रूप से प्रगति करता है। स्वयंसेवकों ने कॉलेज प्रांगण में साफ-सफाई की और पौधरोपण किया। पौधों को बड़ा करने की भी उन्होंने शपथ ली।

गेस्ट लेक्चर में अश्विनी धीमान ने स्वयंसेवियों का जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर डॉक्टर अमित शर्मा, एनएसएस प्रभारी डॉ. रजनीश कुमार, प्रोफेसर सुजाता व अन्य मौजूद रहे। [illegible]

31. Cleanliness Drive by NSS Unit dated 24.12.2022



## स्वयंसेवियों ने स्वच्छता व नशामुक्ति पर निकाली जागरूकता रैली

अम्ब, 27 दिसम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में चल रहे 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के चौथे दिन की शुरूआत स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना, प्राणायाम व परेड से की गई। आज की गतिविधियों में स्वयंसेवियों ने स्वच्छता व नशा मुक्ति के ऊपर जागरूकता रैली निकाली जोकि कालेज प्रांगण से शुरू हुई और अम्ब ग्राउंड तक पहुंची। स्वयंसेवियों ने लोगों को नशा मुक्त होने के लिए जागरूक किया।

इसके उपरांत एन.एस.एस. प्रभारी डा. रजनीश व डा. निधि भी उपस्थित रहे। इस मौके पर राजेश गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एन.एस.एस. प्रभारी डा. रजनीश ने मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

समाचार पत्र :- पंजाब केसरी
दिनांक :- 28/12/22

32. Drug De-addiction Awareness Rally dated 24.12.2022



# अंब कालेज में स्वयंसेवकों ने निकाली स्वच्छता रैली

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में चल रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वच्छता पर रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इस दिन की शुरुआत सभी स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना और प्राणायाम से की गई। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ रजनीश और प्रोफेसर प्रीति उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने मिलकर स्वच्छता के ऊपर कॉलेज प्रांगण में लेकर प्रोफेसर कॉलोनी तक एक रैली निकाली। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने नारेबाजी की व लोगों को पर्यावरण की रक्षा व साफ सफाई करने के लिए जागरूक किया। प्रोफेसर कॉलोनी पहुंचते ही सभी स्वयंसेवकों ने वहां झाड़ियों को साफ किया। गैस्ट लेक्चर में एडवोकेट विकास कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवकों को कानून के बारे में जानकारी दी। एनएसएस प्रभारी डा. रजनीश व प्रो प्रीति द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एनएसएस अध्यक्ष सौरभ व प्रांजलि तथा मीडिया प्रभारी नवीन सूद, सोनू, मनवीर, चिराग तथा अन्य स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक : 27-12-2022

33. Cleanliness Drive and Awareness Rally on environment conservation dated 26.12.2022

34.



# विद्यार्थियों को प्रोत्साहन योजनाओं बारे बताया

## अम्ब कालेज में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

अम्ब, 7 फरवरी (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में जे.के. इंडस्ट्रीयल एंड ट्रेनिंग कंसल्टैंसी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड तथा इंडस्ट्रीयल डिपार्टमैंट के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मंगलवार को आयोजित कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को प्रदेश तथा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इंडस्ट्रीयल डिपार्टमैंट की ओर से एक्सटैंशन ऑफिसर अम्ब ब्लॉक विप्लव राणा ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई।

*अम्ब : स्थानीय कालेज में आयोजित कार्यशाला में छात्रों को जानकारी देते हुए अधिकारी।* (अश्विनी)

जे.के. इंडस्ट्रीयल एवं ट्रेनिंग कंसल्टैंसी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड की ओर से आर.एल. परमार ब्रांच मैनेजर ने इंडस्ट्री और न्यू स्टार्टअप से संबंधित सभी प्रश्नों का समाधान किया। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला हिमाचल प्रदेश सैंटर फॉर एंटरप्रिन्योरशिप डिवैल्पमैंट (एच.पी.सी.ई.डी.), शिमला द्वारा आयोजित किया गया।

इस कार्यशाला में लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आयोजकों तथा सभी छात्रों का धन्यवाद किया।


समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 08-02-2023

## विद्यार्थियों को दी प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी

अंब (ब्यूरो)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में जेटके इंडस्ट्रियल एंड ट्रेनिंग कंसल्टेंसी ऑर्गेनाइजेशन लिमिटेड और औद्योगिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला लगाई गई। इसमें विद्यार्थियों को हिमाचल सरकार और केंद्रीय सरकार की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। औद्योगिक विभाग की ओर से एक्सटेंशन अफसर अंब ब्लॉक विप्लव राणा ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। संवाद

समाचार पत्र: अमर उजाला
दिनांक : 08-02-2023

34. One day workshop by J.K. Industrial and Training Consultancy Organization Limited and Industrial Department dated 07.02.2023



रैली निकाल नशे के खिलाफ दिया संदेश

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में नशा मुक्ति के विषय पर जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें एनएसएस, एनसीसी, स्कॉउट एंड गाइड व रेडक्रॉस क्लब के विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज कराई। रैली कॉलेज प्रांगण से शुरू होकर अंब बाजार तक निकली। रैली में छात्रों ने नशा छोड़ो-बोतल तोड़ो नारों और स्लोगन से लोगों को जागरूक किया। संवाद

समाचार पत्र :- अमर उजाला
दिनांक :- 23/2/23

35. Drug De-addiction Awareness rally dated 22.02.2023

# भाषण प्रतियोगिता में जाकिर हुसैन फर्स्ट




अंब। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में रोड़ सेफ्टी क्लब द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डा. राज़ेश शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस प्रतियोगिता का संचालन रोड़ सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. सुखदेव द्वारा करवाया गया। प्रतियोगिता में 12 प्रतियोगियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सुरुचि शर्मा, डा. निधि शर्मा और डा. सुजाता द्वारा निभाई गई। प्रथम स्थान पर जाकिर हुसैन, द्वितीय स्थान पर मनवीर सिंह भाटिया, तृतीय स्थांन पर महेश चौधरी, चौथे स्थान पर अच्छरो देवी और पांचवें स्थान पर अनुष्का सूद रहे। मुख्यातिथि ने सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को रोड़ सेफ्टी नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डा. सोफिया प्रभाकर सहित समस्त प्राध्यापक व गैर प्राध्यापक उपस्थित रहे।

36. Declamation contest on Road Safety dated 23.02.2023

# नारा लेखन में आरुषि पहले स्थान पर



अंब। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा शुक्रवार को नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए करवाई गई। प्रतियोगिताएं रोड़ सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. सुखदेव द्वारा संचालित करवाई गई। नारा लेखन में नौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम स्थान पर आरुषि, द्वितीय स्थान पर अभिषेक कौंडल, तृतीय स्थान पर साक्षी, चौथे स्थान पर दीक्षा और पांचवें स्थान पर अनामिका रहे। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. रेखा शर्मा, डा. सुजाता और प्रो. वंदना द्वारा निभाई गई। पोस्टर मेकिंग में 13 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कोमल भाटिया, द्वितीय स्थान पर अनुष्का सूद, तानिया तृतीय स्थान पर, चौथे स्थान पर कोमल और पांचवें स्थान पर नीरज़ बाई रहे। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सतपाल, प्रो. अमित और प्रो. अजय के द्वारा निभाई गई। इस मौके पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

37.Slogan writing and Poster Making competition by Road Safety Club dated 24.02.2023

# अमन और ज्योति सर्वश्रेष्ठ एथलीट बने

## राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई। इसमें अमन ठाकुर और ज्योति ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब जीता। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रमन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. पवन पटियाल की देखरेख में हुआ।

प्रतियोगिता में लंबी कूद में पुरुष वर्ग में विशाल शर्मा ने पहला, विनय ने दूसरा और आशीष ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में रमन देवी प्रथम, भारती द्वितीय और रिया तृतीय रही। ऊंची कूद में पुरुष वर्ग में अनीश प्रथम, विकास द्वितीय और विशाल तृतीय रहे। महिला वर्ग में भारती प्रथम, रमा द्वितीय और रूबी व सिमरन तृतीय रहीं। गोला फेंक में पुरुष वर्ग में आशीष ठाकुर प्रथम, अनमोल द्वितीय और दीपक भारद्वाज तृतीय रहे। जबकि महिला वर्ग में रमा देवी प्रथम, रूबी द्वितीय और निशा चौधरी तृतीय रही। 5000 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में अमन ठाकुर ने पहला, निखिल राणा ने दूसरा और अनुज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग में ज्योति बाला प्रथम, स्वाति ठाकुर द्वितीय व रेखा देवी तृतीय रही। 1500 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में अमन ठाकुर प्रथम, साहिल द्वितीय और तरुण कुमार तृतीय रहे। महिला वर्ग में ज्योति बाला प्रथम, सिमरन द्वितीय और प्रीति तृतीय रही। 800 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में अमन प्रथम, निखिल द्वितीय और अरुण तृतीय रहे। महिला वर्ग में ज्योति प्रथम, श्रुति द्वितीय और दीक्षा तृतीय रही। इस



अंब कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान दौड़ में दमखम दिखाते धावक। संवाद

मौके पर डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. सोफिया प्रभाकर, प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. सतपाल, डॉ. सुरुचि शर्मा, प्रो. अमित, डॉ. गोदावरी, डॉ. निधि, डॉ. कृष्णा, प्रो. अजय, प्रो. अनय, डॉ. सुजाता, प्रो. जमीत, प्रो. प्रीति, प्रो. वंदना, प्रो. राजेश, प्रो. सुरेश, प्रो. श्रुति, प्रो. अनिल वर्मा, डॉ. रिपु कालिया, डॉ. विजेंद्र मौजूद रहे।

समाचार पत्र : अमर उजाला
दिनांक : 26/02/2023

38. Annual Athletic Meet dated 25.02.2023

39.




# अंब कॉलेज में पंजाबी गीतों पर झूमे विद्यार्थी

## सालाना समारोह में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने सम्मानित किए मेधावी

संवाद न्यूज एजेंसी

### समारोह में इन विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार

39. Annual Prize Distribution Function dated 06.03.2023

312

# प्रस्ताव लेखन में अनामिका प्रथम



अम्ब : रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित प्रस्ताव लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद प्रतिभागी विद्यार्थी प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा व स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में।

## अम्ब कालेज में सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर प्रतियोगिता आयोजित

अम्ब, 13 मार्च (अश्विनी): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा एक प्रस्ताव लेखन प्रतियोगिता विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए करवाई गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के लगभग 19 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आप सभी सड़क सुरक्षा नियमों की अहमियत को समझें और स्वयं के साथ-साथ अन्य को भी इनकी पालना के लिए प्रेरित करें।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनामिका, द्वितीय स्थान पर शिवम और तृतीय स्थान पर कोमल भाटिया रहे। प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई दी। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. सुखदेव और डा. कुमारी सुजाता ने निभाई। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक रविन्द्र कर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रस्ताव लेखन में अनामिका अव्वल

अंब (ऊना)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में सड़क सुरक्षा विषय पर सोमवार को प्रस्ताव लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के लगभग 19 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अनामिका प्रथम, शिवम द्वितीय और कोमल भाटिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि सभी सड़क सुरक्षा नियमों की अहमियत को समझें और स्वयं के साथ अन्य को भी इनकी पालना के लिए प्रेरित करें। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. सुखदेव और डॉ. कुमारी सुजाता ने निभाई गई। संवाद

समाचार पत्र : पंजाब
दिनांक : 14-03-20

40. Essay writing competition on Road Safety dated 13.03.2023



# एन.सी.सी. कैडेट्स ने रोपे अशोका के पौधे

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक: 15-03-2023

अम्ब, 14 मार्च (राजनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा एकदिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड नंबर 9 में स्थित पार्क में अशोका के पौधे लगाए गए। इस दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा पार्क की सफाई की गई तथा पौधों को व्यवस्थित रूप से लगाया गया। कैडेट अनमोल की अगुवाई में एन.सी.सी. के 20 कैडेट्स ने इस कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से पूरा किया।

एन.सी.सी. केयरटेकर ऑफिसर प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि सभी कैडेट्स ने आपसी सहयोग से 1000 रुपए की राशि जमा की तथा उस राशि से खरीदे गए पौधों को पार्क में लगाया गया। इस मौके पर महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा, अधीक्षक रविन्द्र वर्मा, नगर पंचायत अम्ब की चेयरमैन इन्दु धीमान तथा अंजलि सूद सहित अन्य गणमान्यों ने श्रमदान किया।

प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एन.सी.सी. कैडेट्स तथा सभी की सराहना की। नगर पंचायत अम्ब की चेयरमैन इन्दु धीमान ने इन पौधों के रखरखाव की जिम्मेदारी ली।

अम्ब : अम्ब कालेज के एन.सी.सी. कैडेट्स पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा के साथ सामूहिक चित्र में। (राजनी)

41. One day plantation drive by NCC cadets dated 14.03.2023



## अम्ब कालेज में करियर के बारे में दी जानकारी

अम्ब, 17 मार्च (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में करियर गाइडैंस एंड प्लेसमैंट सैल की ओर से एकदिवसीय करियर गाइडैंस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में बद्दी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमैंट स्टडीज के डीन प्रो. (डा.) अरुण कांत पैनोली ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई।

कार्यशाला में बी.सी.ए. तथा बी.बी.ए. के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रो. (डा.) अरुण कांत पैनोली को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## अंब कालेज में करियर गाइडेंस कार्यशाला

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से एक दिवसीय करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में बद्दी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के डीन, प्रो. डा. अरुण कांत पैनोली ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। कार्यशाला में बीसीए तथा बीबीए के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा करियर संबंधित कई प्रश्नों का उत्तर प्रो. अरुण कांत पैनोली से पाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित इस कार्यशाला को सभी विद्यार्थिओं के लिए महत्त्वपूर्ण बताया तथा कार्यशाला के मुख्या वक्ता प्रो. अरुण कांत पैनोली को समृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने बीसीए तथा बीबीए विभाग के सभी अध्यापक वर्ग को तथा करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के अधिकारियों की विशेष सराहना की।

42. One day workshop on career guidance by Career Guidance and Placement Cell dated 17.03.2023

43.



# अंब कॉलेज का स्पाइस विंडो के साथ समझौता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब (ऊना)। अंब महाविद्यालय और स्पाइस विंडो प्राइवेट लिमिटेड मोहाली के बीच समझौता हुआ।

कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि इस वर्ष जनवरी में कॉलेज़ के पांच विद्यार्थियों ध्रुव, कनव, रजत, श्वेता और रमन ने स्पाइस विंडो प्राइवेट लिमिटेड मोहाली में 45 दिन की ट्रेनिंग पूरा करने के बाद कंपनी में प्लेसमेंट भी पाई। सभी विद्यार्थी अप्रैल की परीक्षा के बाद कंपनी में बतौर असिस्टेंट डेवलपर कार्य करेंगे। कंपनी की बेहतरीन

## ट्रेनिंग की फीस में 40 % तक दी जाएगी छात्रवृत्ति

कार्य प्रणाली को देखते हुए महाविद्यालय ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कंपनी के साथ समझौता हस्ताक्षरित किया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को स्पाइस विंडो प्राइवेट लिमिटेड मोहाली की ओर से दी जाने वाले विभिन्न ट्रेनिंग की फीस में 40 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद कंपनी की ओर से प्लेसमेंट भी दी जाएगी। स्पाइस विंडो प्राइवेट लिमिटेड मोहाली की ओर से प्रतिनिधि प्रबंधक प्रशांत शर्मा, सीनियर डेवलपर विशाल शर्मा, निखिल शर्मा और वेब डेवलपर नेहा शर्मा ने विद्यार्थियों को नवीनतम टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर तथा इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से भी अवगत करवाया।

कार्यशाला में बीसीए, बीबीए के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ रमन कुमार शर्मा ने सभी अध्यापक वर्ग के साथ ही कैरिअर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।

43. MOU signed between MPGC and Space Window Pvt. Ltd., Mohali dated 18.03.2023



# अंब कालेज में शहीदी दिवस पर हुए कार्यक्रम

**अंब।** महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में गुरुवार को शहीदी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस, एनसीसी व रोवर रेंजर्स के विद्यार्थियों द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रतिभागी श्रेया, शिवानी, प्रेरणा ओर मनवीर रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय अंब के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा उपस्थित्त और मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के अध्यापक डा. राजेश ठाकुर उपस्थित रहे। इनके साथ प्रो. सोफिया प्रवाकर, एनसीसी प्रोग्राम आफिसर प्रोफेसर अनिल वर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रीति, रोवर रेंजर कार्यक्रम अधिकारी डा. सूरेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को श्रद्धांजलि देकर की गई उसके बाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों द्वारा प्रदर्शन किया गया। राजेश ठाकुर ने बच्चों को शहीदी दिवस के बारे में जानकारी दी। डाक्टर रमन कुमार शर्मा द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विशेष रूप से एनसीसी प्रोग्राम आफिसर प्रोफेसर अनिल वर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रीति, रोवर रेंजर कार्यक्रम अधिकारी डा. सूरेता, एनएसएस इकाई अध्यक्ष सौरव, प्रांजलि और रोवर रेंजर के हैड नवीन सूद तथा एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

समाचार पत्र : दिव्य हिमाचल
दिनांक : 24-03-2023

44. Declamation contest on Shaheedi Diwas dated 23.03.2023

# अम्ब कालेज के विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी




*हरोली : हिमकैप्स के विद्यार्थी अम्ब कालेज में विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी देने के बाद सामूहिक चित्र में।* (छाया)

हरोली, 27 मार्च (दत्ता/पाठक): हिमकैप्स कालेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने प्राचार्य जसवंत सिंह की अगुवाई में अम्ब स्थित राजकीय महाविद्यालय में जागरूकता शिविर लगाया। संस्थान के प्रवक्ता रवि कुमार ने बताया कि शिविर में उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम सहित विभिन्न कानूनी जानकारियां दी।

प्राचार्य जसवंत सिंह ने बताया कि उनके संस्थान द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों व शिक्षण संस्थानों में जाकर लोगों एवं विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर कालेज के 10वें सैमेस्टर की छात्रा काजल व प्रिया जरियाल ने कानून के बारे में जानकारी दी।

## अंब में छात्राओं को दी कानूनी जानकारी

हरोली। हिमकैप्स लॉ कालेज बढेड़ा के विद्यार्थियो ने राजकीय महाविद्यालय अंब में छात्राओं को कानूनी जानकारी दी। उन्होने विद्यार्थियो को मौलिक अधिकार व अन्य कानूनी जानकारिया प्रदान की। वही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही कानूनी सहायता के बारे मे अवगत करवाया। संस्थान के प्रिंसीपल डा. यशवंत सिंह ने विद्यार्थियो को विस्तार से कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। हिमकैप्स लॉ कालेज के दसवें सेमेस्टर की छात्रा काजल व प्रिया जरयाल ने भी विद्यार्थियो को कानून के विभिन्न विषयो को जागरूक किया।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक: 28-03-2023

45. Awareness camp on Law by Him Caps College of Law dated 27.03.2023

46.



# एयर इंडिया में नौकरी का मौका, 8, 9 अप्रैल को साक्षात्कार

## महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में कंपनी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब (ऊना)। युवाओं के लिए एयर इंडिया में नौकरी का सुनहरा मौका है। इसके लिए कंपनी 8 और 9 अप्रैल को ऊना में प्लेसमेंट ड्राइव चलाएगी।

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से एक दिवसीय प्री प्लेसमेंट एंड प्री असेसमेंट कार्यशाला में कंपनी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि इसमें एयर इंडिया गुरुग्राम की ओर से आई तीन सदस्यों की टीम ने महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को प्री प्लेसमेंट टॉक में एयर इंडिया की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। टीम ने विद्यार्थियों को एयर इंडिया में विभिन्न पदों पर नौकरी कैसे पाई जा सकती है। इस बारे में भी विस्तार से बताया।

**प्री प्लेसमेंट टॉक में एयर इंडिया की कार्यप्रणाली के बारे में भी दी जानकारी**

एयर इंडिया गुरुग्राम के शाखा प्रबंधक विशाल कुम्वाल ने बताया कि 8 और 9 अप्रैल को ऊना के सुविधा पैलेस में एयर इंडिया प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करेगा। इसमें इच्छुक विद्यार्थी भाग लेकर एयर इंडिया में नौकरी पा सकते हैं।

एयर इंडिया के अतिरिक्त प्रबंधक डेविड और सुमित शर्मा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यशाला की दूसरी कड़ी में टैलेंट इंडिया और मोहाली की ओर से आई हुई दो सदस्यों की टीम ने महाविद्यालय के अंतिम वर्ष और पिछले वर्ष उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को टैलेंट इंडिया प्री असेस्मेंट कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

इसके बाद महाविद्यालय के करीब 200 विद्यार्थियों ने टैलेंट इंडिया की ओर से आयोजित प्री असेसमेंट टेस्ट में ऑनलाइन भाग लिया।

महाविद्यालय की अतिरिक्त ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. श्रुति ने बताया कि ऑनलाइन टेस्ट के बाद सभी विद्यार्थियों ने क्रमबद्ध साक्षात्कार भी दिया। कार्यशाला में प्राचार्य रमन शर्मा और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

46. One day Pre-placement and Pre-assessment workshop by AIR INDIA, Gurugram dated 09.04.2023

## अंब में मूल्यांकन-प्रत्यायन प्रक्रिया पर कार्यशाला



अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा स्थापित मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय ऊना के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफेसर दर्शन कुमार ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। प्रोफेसर दर्शन कुमार ने अपने वक्तव्य में सभी प्रतिभागियों को मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया के प्रत्येक बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दूसरे चरण में प्रोफेसर अनिल वर्मा ने नए सत्र में महाविद्यालय द्वारा की जाने वाली मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया की मुख्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के समन्वयक प्रोफेसर अमित कुमार ने मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया को महत्वपूर्ण बताया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डा. राजेश शर्मा ने आयोजकों को इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा मुख्य वक्ता प्रोफेसर दर्शन कुमार को धन्यवाद किया। प्रोफेसर दर्शन कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा गैर शिक्षक वर्ग ने भाग लिया।

समाचार पत्र: दिव्य हिमाचल
दिनांक : 12-04-2023

## कॉलेज के विद्यार्थियों को मूल्यांकन प्रत्यायन प्रक्रिया की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की ओर से स्थापित मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय ऊना के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफेसर दर्शन कुमार ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। प्रो. दर्शन कुमार ने अपने वक्तव्य में सभी प्रतिभागियों को मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया के प्रत्येक बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की। दूसरे चरण में प्रोफेसर अनिल वर्मा ने नए सत्र में महाविद्यालय द्वारा की जाने वाले मूल्यांकन और प्रत्यायन प्रक्रिया के मुख्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला के समन्वयक प्रो. अमित कुमार ने कार्यशाला को आने वाली मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया।

महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा ने कार्यशाला के आयोजकों को सफल आयोजकों को बधाई दी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर दर्शन कुमार को उनके विस्तृत वक्तव्य के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

समाचार पत्र: अमर उजाला
दिनांक : 12-04-2023

47. One day workshop on NAAC Accreditation dated 11.04.2023



# अम्ब कालेज में प्लेसमैंट और करियर गाइडैंस सैल द्वारा सत्र का आयोजन

अम्ब, 12 मई (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में प्लेसमैंट और करियर गाइडैंस सैल द्वारा एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में डा. सोनिका, सहायक प्रोफैसर, एच.पी.यू. रीजनल कैंपस धनियारा जिला कांगड़ा ने ऑनलाइन माध्यम से बी.कॉम. और बी.बी.ए. के छात्रों को संबोधित किया। इसके साथ ही इस सत्र में बी.कॉम. और बी.बी.ए. के 40 छात्रों ने भाग लिया। यह जानकारी महाविद्यालय के प्रशिक्षण और प्लेसमैंट अधिकारी प्रोफैसर अनिल वर्मा द्वारा दी गई।

इस सत्र में प्रो. आशुतोष, प्रो. रेखा और प्रो. नेहा भी शामिल रहीं। डा. सोनिका ने छात्रों को प्लेसमैंट और करियर-विकल्पों के बारे में व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को बी.कॉम. और बी.बी.ए. में संभावित करियर और रोजगार की जानकारी प्रदान की। डा. सोनिका ने छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया, प्लेसमैंट ड्राइव, इंटरव्यू की तैयारी और रिज्यूम तैयार करने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। महाविद्यालय के प्रशिक्षण और प्लेसमैंट अधिकारी प्रो. अनिल वर्मा ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को प्लेसमैंट और करियर गाइडैंस सैल द्वारा आयोजित की जाने वाले विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। प्रो. वर्मा ने यह भी बताया कि महाविद्यालय जल्द ही सभी विद्यार्थियों के लिए एक रोजगार मेले का आयोजन भी करने जा रहा है, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ इलाके के अन्य बेरोजगार अभ्यर्थियों को भी रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। महाविद्यालय के आधिकारिक प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार ने प्लेसमैंट और करियर गाइडैंस सैल द्वारा आयोजित इस सत्र को सभी प्रतिभागियों के लिए महत्वपूर्ण बताया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बधाई दी तथा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. सोनिका का धन्यवाद भी किया।

समाचार पत्र:- पंजाब केसरी
दिनांक:- 13/5/23.

48. Session on career guidance by Training and Placement cell dated 12.05.2023



# विद्यार्थियों को रिज्यूम तथा इंटरव्यू की बारीकियां बताई

## अम्ब कालेज में 3 दिवसीय परिप्लेसमैंट कार्यशाला करियर लांचपैड आयोजित

अम्ब, 29 मई (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में प्लेसमैंट एंड करियर गाइडैंस सैल द्वारा 3 दिवसीय परिप्लेसमैंट कार्यशाला करियर लांचपैड का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के पहले दिन प्रो. अनिल वर्मा ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई तथा विद्यार्थियों को रिज्यूम तथा इंटरव्यू की बारीकियों के बारे में बताया। कार्यशाला के दूसरे दिन डा. जी.सी. नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय चौधरी सरवन कुमार हि.प्र. कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की असिस्टैंट प्रो. डा. ऋषिका विज ने विद्यार्थियों को विभिन्न स्कॉलरशिप स्कीम के बारे में बताया जिनके माध्यम से विद्यार्थी देश तथा विदेश में भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

डा. विज ने विद्यार्थियों को विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा चलाई जा रही स्टार्टअप स्कीम के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला के दूसरे चरण में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के अंग्रेजी विभाग की असिस्टैंट प्रो. डा. अम्बिका शर्मा ने जॉब इंटरव्यू में अंग्रेजी भाषण के उपयोग तथा महत्व के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला के दूसरे दिन के अंतिम पड़ाव में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय रीजनल कैंपस धर्मशाला के मैनेजमैंट विभाग की असिस्टैंट प्रो. डा. सोनिका ने कॉमर्स तथा मैनेजमैंट के विद्यार्थियों के इंटरव्यू से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान किया तथा इंटरव्यू की बारीकियों के बारे में बताया।

कार्यशाला के तीसरे और अंतिम दिन अंग्रेजी विभाग से प्रो. के पद से सेवानिवृत्त हुए डा. अजय कहोल ने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा की बारीकियों के साथ-साथ अपनी व्यवहारिक अंग्रेजी को सुधारने के गुर भी सिखाए।

दूसरी कड़ी में जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा तथा यंग प्रोफैशनल गौरव ठाकुर ने विद्यार्थियों को जॉब और इंटरव्यू तथा स्ट्रैस मैनेजमैंट के बारे में जानकारी दी। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सभी अधिकारियों को इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यशाला में डा. पुनि, डा. राकेश ठाकुर, प्रो. चंदन कौशल, प्रो. सुनीता, प्रो. आशुतोष, प्रो. विजेंदर तथा तकनीकी सहयोगी संदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।


अम्ब : स्थानीय कालेज में आयोजित 3 दिवसीय परिप्लेसमैंट कार्यशाला के समापन पर अंग्रेजी विभाग से प्रोफैसर के पद से सेवानिवृत्त हुए डा. अजय कहोल को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए कार्यकारी प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी

49. 3-day pre- placement workshop ‘Career Launch Pad’ dated 29.05.2023 to 31.05.2023




50. Plantation Drive dated 10.08.2021


अम्ब : स्थानीय कालेज में क्यारियों का सौंदर्यीकरण करते हुए एन.एस.एस. स्वयंसेवी।



51.Beautification of College campus by NSS Unit dated 11.08.2021


## प्रश्नोत्तरी में कला संकाय के विद्यार्थी अव्वल

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर इसका आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कला संकाय के विद्यार्थियों में प्रथम, विज्ञान संकाय के विद्यार्थी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में विनय, पुनीत, मनोरमा और साईना शामिल रहे। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रमन शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. बिंदिया चंदेल, प्रो. अरुणा रानी किया। इस अवसर पर प्रो. दर्शन धीमान और प्रो. अनिल वर्मा भी मौजूद रहे। -संवाद

52. Online quiz competition on 75th Independence Day dated 14.08.2021



# कविता वाचन प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम

अम्ब, 14 सितम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में हिंदी दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने माता सरस्वती के चरण कमलों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कविता वाचन प्रतियोगिता करवाई गई। हिंदी विभाग से डा. कुमारी सुजाता ने मंच संचालन किया।

प्रो. सुरेता, प्रो. वंदना कौंडल, डा. रिचु कालिया ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता में मनीषा ने प्रथम, प्रिंस ने द्वितीय व मनोरमा ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य ने अव्वल रहे प्रतिभागियों को ईनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. दर्शन धीमान, डा. सोफिया प्रभाकर सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

*अम्ब : स्थानीय कालेज में हिंदी दिवस पर करवाई गई कविता वाचन प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डा. रमन शर्मा।* (अश्विनी)

53. Poetry recitation on Hindi Diwas dated 14.09.2021

## एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में एनसीसी यूनिट ने सोशल सर्विस ड्राइव रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सोशल सर्विस ड्राइव की अगुवाई एनसीसी केयरटेकर प्रो. अनिल वर्मा और एनएसएस प्रभारी डॉ. रजनीश और प्रो. प्रीति ने की। इस अवसर पर जल संचयन और जल संरक्षण विषय पर लोगों को जागरूक किया गया। एनसीसी यूनिट के कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवियों ने नारों और पोस्टर से लोगों को पानी के महत्व के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा कैडेट्स और स्वयंसेवियों ने अंब स्कूल मैदान एवं सार्वजनिक स्थलों पर रही पॉलिथीन की सफाई की। इस अवसर पर डॉ. सोफिया प्रभाकर तथा कॉलेज स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित थे। -संवाद

समाचार पत्र : अमर उजाला
दिनांक : 17-09-2021




अम्ब : एन.सी.सी. व एन.एस.एस. द्वारा आयोजित सोशल सर्विस ड्राइव रैली को कालेज परिसर से रवाना करते उपप्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान व अन्य।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 17-09-2021

## अम्ब में सोशल सर्विस ड्राइव रैली निकाली

अम्ब, 16 सितम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में सोशल सर्विस ड्राइव रैली निकाली गई। स्थानीय एन.सी.सी. यूनिट द्वारा निकाली गई रैली को उपप्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान ने हरी झंडी देकर रवाना किया। रैली की अगुवाई एन.सी.सी. के केयरटेकर प्रो. अनिल वर्मा और एन.एस.एस. प्रभारी डा. रजनीश एवं प्रो. प्रीति द्वारा की गई। रैली के दौरान एन.सी.सी. व एन.एस.एस. के कैडेट्स ने पानी संचयन और पानी की अहमियत के बारे में लोगों को नारों एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया। इस मौके पर कैडेट्स ने अम्ब स्कूल के खेल मैदान तथा सार्वजनिक स्थलों में साफ-सफाई भी की। इस अवसर पर डा. सोफिया प्रभाकर सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

54. Rally on Social Service by NCC and NSS UNIT dated 16.09.2021

# नए विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन



*अम्ब : स्थानीय कालेज में बी.बी.ए. व बी.सी.ए. प्रथम सत्र के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन मीटिंग को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. रमन शर्मा।* (अश्विनी)

अम्ब 20 सितम्बर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में इंडक्शन बैठक हुई। सोमवार को बी.बी.ए. व बी.सी.ए. प्रथम सत्र के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन बैठक में प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने नए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और जरूरी टिप्स दिए।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण व्यक्तित्व में निखार के लिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कालेज में होने वाली अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए।

इस मौके पर बी.सी.ए. समन्वयक प्रो. दर्शन धीमान ने विद्यार्थियों को विभिन्न नियमों बारे जानकारी दी। बी.बी.ए. समन्वयक प्रो. अमित शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी यदि शुरू से ही नियमित रूप से पढ़ाई करें और अनुशासन में रहें तो उसे जरूर सफलता मिलेगी। इस अवसर पर प्रो. सोफिया प्रभाकर, प्रो. अनिल वर्मा, प्रो. मोनिका, डा. विजेंद्र सिंह, प्रो. रेणु बाला, प्रो. नेहा, प्रो. रेखा जसवाल व प्रो. आशुतोष सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

55. Induction Program for students of 1st year dated 20.09.2021



अम्ब : अम्ब कालेज में एन.एस.एस. स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित शिविर में स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

## स्वयंसेवियों को बताया एन.एस.एस. का महत्व

अम्ब (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। शिविर में प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने स्वयंसेवियों को शपथ ग्रहण करवाई। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थी के जीवन में उसके चरित्र निर्माण एवं जागरूक नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रीति व डा. रजनीश ने स्वयंसेवियों को एन.एस.एस. के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर स्वयंसेवियों द्वारा कालेज परिसर में साफ-सफाई की गई।

समाचार पत्र :- पंजाब केसरी

56. Celebration of NSS Foundation Day dated 24.09.2021

# विज्ञान मेले में अंब कॉलेज की वसुधा और वंशिता रहीं अव्वल

## अंब कॉलेज में विज्ञान मेले का हुआ आयोजन, प्राचार्य डॉ. रमन ने किया शुभारंभ



महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में विज्ञान मेले के आयोजन के दौरान प्रतिभागी और अन्य। -संवाद

समाचार पत्र :- अमर उजाला
दिनांक :- 01/10/2021


संवाद न्यूज एजेंसी

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में विज्ञान मेले का आयोजन किया। शबनम यूथ क्लब कांगड़ा के सौजन्य से आयोजित साइंस फेयर में विज्ञान, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित हुई।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वादविवाद प्रतियोगिता, चित्रकारी, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. पुनके लट्ठ ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। योजना आयोग के पूर्व सदस्य सुरेंद्र भी कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि शामिल हुए। प्रतियोगिता में कॉलेज के 70 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने कहा कि छात्रों की प्रतिभा को उभारने के लिए इस प्रकार के मंच का होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दर्शन धीमान ने किया।

इस मौके पर एकांकी में लोटस, अनन्या, शालिनी, शिवा, श्वेता की प्रस्तुति को सराहा। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुहानी, ईशा ठाकुर और नितीश कुमार की रामानुज टीम ने प्रथम स्थान, प्रिया, गार्गी शर्मा, प्रियंका देवी की टीम बोहर ने दूसरा, शिवानी रत्न, आंचल ठाकुर और तिहाल चौधरी की टीम डॉल्टन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में पहले स्थान पर मनीषा, दूसरे स्थान पर दीपिका और तीसरे स्थान पर अनामिका रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में पहले स्थान पर आशीष, दूसरे स्थान पर अभिषेक और मनवीर तीसरे स्थान पर रहे। मॉडल प्रदर्शनी में वसुधा और वंशिता ने पहला, दूसरे स्थान पर शाहिद अख्तर और तीसरे स्थान निधि और निकिता रहीं। विजेता विद्यार्थियों को मुख्यातिथि ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सोफिया प्रभाकर, प्रो. रेखा, प्रो. अमित, डॉ. सुरुचि, डॉ. गोदावरी, प्रो. अजय, डॉ. नितिन, डॉ. कुमारी सुजाता, प्रो. प्रीति, प्रो. वंदना मौजूद रहे।

57. Celebration of Science Fair dated 30.09.2021



# अम्ब कालेज में चलाया स्वच्छता अभियान

अम्ब, 5 अक्तूबर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में एन.एस.एस. व एन.सी.सी. स्वयंसेवियों, रोवर रेंजर की टीम, बी.ए. बी.काम. व बी.सीए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर के आसपास पड़े प्लास्टिक एवं कूड़ा कर्कट को उठाया।

इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

शिविर में डा. सोफिया प्रभाकर, प्रो. रेखा शर्मा, एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. प्रीति, एन.सी.सी. समन्वयक प्रो. अनिल वर्मा, रोवर रेंजर समन्वयक प्रो. मोहित सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



58. Cleanliness drive under Swachh Bharat Mission dated 05.10.2021




*अम्ब : स्वच्छ भारत मुहिम के तहत आयोजित शिविर में अम्ब कालेज के एन.एस.एस. स्वयंसेवी स्टाफ के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)*

# स्वयंसेवियों ने निकाली जागरूकता रैली

**अम्ब ( अश्विनी ):** स्वच्छ भारत मुहिम के तहत महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कालेज यूनिट द्वारा आयोजित शिविर में उपप्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान ने स्वयंसेवियों को स्वच्छता के लाभों तथा स्वच्छता न रखने के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया।

इस दौरान एन.एस.एस. स्वयंसेवियों ने कालेज परिसर में मैदान की सफाई की तथा क्षेत्र में जागरूकता रैली भी निकाली। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. प्रीति व प्रो. रजनीश उपस्थित रहे।

59. Swachh Bharat Rally by NSS Unit dated 07.10.2021



अंब कॉलेज में मौजूद स्वयंसेवी और कॉलेज स्टाफ। -संवाद

# प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभाव बताए

अंब (ऊना)। महाविद्यालय अंब में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता शिविर के तृतीय सप्ताह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवियों, एनसीसी, रोवर्स रेंजर्स टीम और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर महाविद्यालय में तीन गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को प्लास्टिक कचरे के उन्मूलन और कचरे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। स्वयंसेवियों ने स्थानीय बाजार में प्लास्टिक कचरा एकत्र कर कॉलेज कैंपस में साफ-सफाई की गई।

प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने कहा कि युवा वर्ग स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। -संवाद

60. Rally on Plastic Free Environment dated 23.10.2021

# स्वयंसेवियों ने छेड़ा स्वच्छता अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में एनएसए, एनसीसी, रोवर्स एंड रेंजर्स और महाविद्यालय स्टाफ ने सफाई अभियान चलाया गया।

प्राचार्य डॉ. रमन कुमार ने बताया कि सफाई अभियान के तहत सभी स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर से कूड़ा करकट एकत्रित कर एक स्थान पर जमा किया। इसमें विशेष रूप से प्लास्टिक निर्मित अपशिष्ट वस्तुओं को संग्रहित कर परिसर को प्लास्टिक कचरा मुक्त किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि समाज में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता की जिम्मेदारी तय करें।

इस अवसर पर प्रो. सोफिया प्रभाकर, प्रो. सुखदेव, प्रो. सुजाता, एनएसएस प्रभारी प्रो. प्रीति, डॉ. रजनीश, एनसीसी प्रभारी प्रो. अनिल वर्मा, रोवर्स एंड रेंजर्स प्रभारी प्रो. लखबीर और महाविद्यालय स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




अंब कॉलेज में सफाई अभियान के दौरान कॉलेज स्टाफ और स्वयंसेवी। -संवाद

61. Cleanliness Drive dated 24.10.2021

# अंब कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान, दुकानों से इकट्ठा किया प्लास्टिक वेस्ट

**अंब|** महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज अंब में वीरवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान का तीसरा सप्ताह मनाया गया। अभियान के दौरान एनएसएस, एनसीसी स्वंयसेवियों व रोवर रेंजर टीम एवं कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कॉलेज में तीन तरह की गतिविधियां करवाई गई। जिसमें विद्यार्थियों को प्लास्टिक उन्मूलन तथा इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। साथ ही सभी स्वंयसेवियों ने अंब बाजार में सभी दुकानों से प्रयोग किए हुए प्लास्टिक को एकत्रित करके स्वच्छता का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने बताया कि यदि देश स्वच्छ बनाना है तो तो समाज के हर व्यक्ति को अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाना होगा।

62. Collection of plastic waste in campus dated 28.10.2021

# नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों बारे किया जागरूक

अम्ब, 29 अक्तूबर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में मादक द्रव्य एवं नशीले पदार्थों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया गया। प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का व्यसन एवं नशा न केवल व्यक्ति की कार्यक्षमता को कम करता है अपितु यह समाज और राष्ट्र के लिए हानिकारक है।

कार्यक्रम समन्वयक डा. नितिन शर्मा ने मंच संचालन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में पनप चुकी इस बुराई को खत्म करने के लिए जनआंदोलन लाने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रो. अमित शर्मा, प्रो, जगमोहन व प्रो. रजनीश भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

63. Drug Abuse Awareness Rally dated 29.10.2021




64. Closing ceremony of Clean India Programme dated 31.10.2021



विद्यार्थियों को दिए कॅरिअर से संबंधित टिप्स

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में एचसीएल ने किया

भाषण प्रतियोगिता में अनुपमा ने दिया सबसे अच्छा भाषण

विद्यार्थियों को एच.सी.एल. में करियर बनाने की दी जानकारी

अम्ब में स्वीप कार्यक्रम के तहत करवाई भाषण प्रतियोगिता

अनुपमा प्रथम व मनीषा दूसरे स्थान पर रहीं

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 18-11-2021

65. Career counselling session by HCL Company dated 17.11.2021

66.



# अम्ब में स्वीप कार्यक्रम के तहत करवाई भाषण प्रतियोगिता

## अनुपमा प्रथम व मनीषा दूसरे स्थान पर रही

### विद्यार्थियों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया

अम्ब, 17 नवम्बर (अश्विनी): निर्वाचन विभाग के सौजन्य से स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता करवाई गई।

बुधवार को राजकीय महाविद्यालय अम्ब के निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा मताधिकार और मत के महत्व विषय पर करवाई गई प्रतियोगिता में निर्वाचन कानूनगो अजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर कानूनगो ने 18 वर्ष की आयू पूरी कर चुके विद्यार्थियों को अपने वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. जमीत व प्रो. वंदना पर आधारित निर्णायक मंडल की टीम द्वारा घोषित परिणाम में अनुपमा ने प्रथम, मनीषा ने दूसरा तथा अच्छरो देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. दर्शन धीमान, प्रो. सुखदेव, प्रो. अमित शर्मा और प्रो. सुजाता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

66. Declamation contest under SVEEP Mission dated 17.11.2021

# भाषण प्रतियोगिता में अनुपमा ने दिया सबसे अच्छा भाषण



स्वीप कार्यक्रम के दौरान देहलां स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान निर्वाचन कानूनगो और विद्यार्थी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब/मैहतपुर (ऊना)। राजकीय महाविद्यालय अंब में स्वीप कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार को निर्वाचन विभाग के तत्वाधान में निर्वाचन साक्षरता क्लब की तरफ से विद्यार्थियों को मताधिकार, और इसके महत्व विषय पर आधारित कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

निर्वाचन विभाग के इलेक्शन कानूनगो अजय कुमार ने विद्यार्थियों को 18 वर्ष की आयु पूरा करने के बाद वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी। भाषण प्रतियोगिता में अनुपमा ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय और अच्छरो देवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. जमीत और प्रो. वंदना ने प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रो. दर्शन धीमान, प्रो. सुखदेव प्रो. अमित शर्मा, प्रो. सुजाता मौजूद थे। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता शिविर सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल देहलां में लगाया गया। इसमें एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

शिविर में निर्वाचन कानूनगो हरजीत सिंह ने संबोधित करते हुए सभी बच्चों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया और इसके साथ ही उन्हें मतदाता बनने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। शिविर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस मौके पर स्वीप कमेटी के सदस्य जरनैल सिंह, बीएलओ सुपरवाइजर उमेश कुमार मौजूद रहे। संवाद

67. Declamation contest – Patriotic and Nation Building dated 20.11.2021

# अम्ब कालेज में 25 मतदाता पंजीकरण फार्म भरे

अम्ब, 23 नवम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में स्वीप कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को निर्वाचन विभाग (विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी-41) के सहयोग से निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा आयोजित शिविर में प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने योग्य विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर निर्वाचन विभाग की तरफ से बी.एल.ओ. ओम प्रकाश, नीलम कुमारी, मोनिका रेणु, सुदेश, नीलम और विपिन कुमार ने विद्यार्थियों के मतदाता पंजीकरण फार्म भरवाने में सहयोग दिया।

शिविर में लगभग 25 मतदाता पंजीकरण फार्म भरे गए और विद्यार्थियों को पंजीकरण फार्म आबंटित किए गए। कार्यक्रम में राखी चौधरी और पंकज कुमार ने कैम्पस एम्बैसडर की भूमिका अदा की। इस मौके पर डा. सोफिया प्रभाकर, प्रो. सुखदेव व डा. कुमारी सुजाता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



अम्ब : अम्ब कालेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय मतदाता पंजीकरण शिविर में उपस्थित प्राचार्य, निर्वाचन विभाग के बी.एल.ओज व अन्य। (अश्विनी)

समाचार पत्र :- पंजाब केसरी
दिनांक :- 24/11/2021

68. One Day camp on Voter Registration dated 23.11.2021

# बैनर मेकिंग में अनुपमा ने हासिल किया पहला स्थान

**अंब (ऊना)।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में एनसीसी दिवस मनाया गया। इसमें कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. दर्शन कुमार मुख्यातिथि थे। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, गिद्दा, पोस्टर मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। बैनर मेकिंग में अनुपमा ने प्रथम, शिवानी रत्न ने द्वितीय, कीर्ति चौहान ने तृतीय, पोस्टर मेकिंग में अलीशा परमार ने प्रथम, अनुपमा ने द्वितीय, कोमल भाटिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। समारोह के दौरान रैंक सेरेमनी भी करवाई गई। इसमें अंजना देवी को अंडर ऑफिसर, अनुपमा को सार्जेंट और अलीशा परमार को सीपीएल रैंक दिया गया। संवाद

69. Celebration of NCC day dated 27.11.2021



# विश्व एड्स दिवस पर निकाली रैलियां,

## एड्स दिवस पर करवाई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

अंब कॉलेज में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी और प्राध्यापक। -संवाद

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब के एनएसएस स्वयंसेवियों ने एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया।

स्वयंसेवियों ने बाजार में एड्स पर जागरूकता रैली निकाली और लोगों को इससे बचाव के लिए जानकारी दी। इसके पश्चात कालेज में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रिया, गार्गी और नवीन ने प्रथम, अनुष्का, अभिलाषा, अंकिता ने द्वितीय और मनीषा, निधी और वंदना ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्वयंसेवी भक्ति प्रिया ने एड्स के बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुति दी।

वहीं कालेज एनएसएस प्रभारी प्रो. प्रीति और डा. रजनीश ने एड्स से बचाव बारे विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ रमन कुमार एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहा।

समाचार पत्र: अमर उजाला, दिनांक: 02-12-2021

अम्ब : विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर स्थानीय कालेज में जागरूकता रैली निकालने से पहले एन.एस.एस. स्वयंसेवी स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

**अम्ब, ( अश्विनी ):** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में विश्व एड्स दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कालेज में गठित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत एच.आई.वी. के प्रति जागरूक करने के लिए कालेज से अम्ब चौक तक रैली निकाली गई। इसके पश्चात महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में प्रिया, गार्गी व नवीन पर आधारित टीम ने प्रथम, अनुष्का, अभिलाषा व अंकिता व मनीषा ने दूसरा तथा तीसरे स्थान पर मनीषा, निधि व वंदना पर आधारित टीम रही।

स्वयंसेवी भक्ति प्रिया ने एड्स के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रस्तुति देकर समझाने का प्रयास किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अम्ब के प्रभारी प्रो. प्रीति एवं डा. रजनीश ने बताया कि समाज में एड्स एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रही है।

इसके उन्मूलन के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डा. रमन शर्मा, प्रो. प्रीति, डा. रजनीश सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

70. Celebration of World AIDS Day dated 01.12.2021



अम्ब : स्थानीय कालेज में आयोजित करियर काउंसलिंग शिविर में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। (अश्विनी)

# विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्सिज बारे किया जागरूक

## अम्ब कालेज में बी.एससी., बी.सी.ए तथा बी.बी.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग शिविर आयोजित

अम्ब, 7 दिसम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में करियर काउंसलिंग तथा प्लेसमैंट सैल द्वारा बी.एससी., बी.सी.ए तथा बी.बी.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने की। शिविर में लगभग 62 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

शिविर में जिला रोजगार कार्यालय से करियर काउंसलर कृति भारद्वाज तथा टैक महिंद्रा फाउंडेशन की ओर से नितिन शर्मा ने विद्यार्थियों को हैल्थ केयर सैक्टर में जॉब्स की संभावनाओं के बारे में अवगत करवाया तथा इससे संबंधित विभिन्न कोर्सिज के बारे में जागरूक किया। करियर काउंसलर कृति भारद्वाज ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी टिप्स दिए। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में करियर काउंसलिंग तथा प्लेसमैंट सैल के संयोजक प्रो. दर्शन कुमार, प्रो. लखबीर सिंह, प्रो. अनिल शर्मा, प्रो. हरजीत सिंह तथा प्रो. विजेंद्र सिंह उपस्थित थे।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 08-12-2021

## महाराणा प्रताप कालेज में सजा प्लेसमेंट सेल

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में करियर काउंसिलिंग तथा प्लेसमेंट सेल के द्वारा बीएससी, बीसीए तथा बीबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक करियर काउंसिलिंग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 62 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर में जिला रोजगार कार्यालय से करियर काउंसलर कृति भारद्वाज तथा टेक महिंद्रा फाउंडेशन की ओर से नितिन शर्मा ने विद्यार्थियों को हेल्थ केयर सेक्टर में जॉब्स की संभावनाओं के बारे में अवगत करवाया तथा इससे संबंधित विभिन्न कोर्सिज के बारे में जागरूक किया। करियर काउंसलर कृति भारद्वाज ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी टिप्स दिए। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में करियर काउंसिलिंग तथा प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रोफेसर दर्शन कुमार, प्रोफेसर लखबीर सिंह, प्रोफेसर अनिल शर्मा, प्रोफेसर हरजीत सिंह तथा प्रोफेसर विजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

समाचार पत्र : दिव्य हिमाचल
दिनांक : 08-12-2021

71. Career counselling session for students of final year dated 07.12.2021



# बिपिन सिंह रावत व अन्य शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अम्ब, 11 दिसम्बर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एन.सी.सी., एन.एस.एस., रोवर्ज एंड रेंजर्स यूनिट तथा कालेज के समस्त विद्यार्थियों ने हैलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए सी.डी.एस. जनरल बिपिन सिंह रावत और अन्य शहीद सैनिक अधिकारियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शनिवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा, प्रो. दर्शन धीमान, प्रो. सोफिया प्रभाकर, प्रो. सुखदेव, डा. हितावरी गर्ग, डा. कुमारी सुजाता, डा. रजनीश शर्मा, प्रो. अनित वर्मा, प्रो. पूनम शर्मा, कार्यालय अधीक्षक रविन्द्र वर्मा व समस्त प्राध्यापक एवं गैर-प्राध्यापक वर्ग ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अम्ब : हैलीकॉप्टर हादसे में शहीद हुए देश के प्रथम सी.डी.एस. जनरल बिपिन सिंह रावत और अन्य शहीद सैनिक अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

72. Tribute to chief of Defense Staff General, Bipan Rawat and other officers dated 09.12.2021



## अंब अस्पताल को किया चकाचक

अंब। महाराणा प्रताप कालेज अंब के एनसीसी स्वयंसेवियों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण पर बाजार में एक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। कालेज प्रावार्य डॉक्टर रमन शर्मा ने बताया की रैली के उपरांत स्वयं सेवियों ने अंब हास्पिटल परिसर में साफ-सफाई कर कूड़े कचरे को अग्नि की भेंट कर किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य आसपास की सफाई के साथ साथ सभी नागरिकों की सहभागिता से पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा, तभी स्वच्छ भारत का निर्माण हो पाएगा। कार्यक्रम के संचालक प्रो. अनिल वर्मा ने इस मौके पर अभी लोगों को अपने इर्दगिर्द परिवेश को स्वच्छ रखने का आग्रह किया। इस मौके पर बीएमओ डाक्टर राजीव गर्ग व डाक्टर राहुल कतना ने एनसीसी स्वयंसेवकों को साफ-सफाई के नियमों व उससे मिलने वाले लाभों के प्रति प्रेरित किया।

समाचार पत्र : दिव्य हिमाचल
दिनांक : 17-12-2021

## एन.सी.सी. कैडेट्स ने अस्पताल परिसर में की सफाई

अम्ब (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा पर्यावरण प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। एन.सी.सी. के केयरटेकर प्रो. अनिल वर्मा की देखरेख में आयोजित जागरूकता रैली के दौरान कैडेट्स ने सिविल अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की। इस अवसर पर कैडेट्स ने लोगों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। इस मौके पर बी.एम.ओ. डा. राजीव गर्ग तथा सिविल अस्पताल के एस.एम.ओ. डा. राहुल कतना उपस्थित थे।

73. Awareness Rally on Environment Pollution and Cleanliness of Hospital premises dated 20.12.2021



अम्ब : स्थानीय कालेज में एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ करने के उपरांत मुख्यातिथि प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्य स्वयंसेवियों के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

अम्ब (अश्विनी) : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एन.एस.एस. के 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने कालेज परिसर में पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर प्रो. सोफिया प्रभाकर, प्रो. सुखदेव, एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. प्रीति व डा. रजनीश मुख्य रूप से उपस्थित थे।

74. Inauguration of NSS 7 Day Camp dated 20.12.2021



## स्वयंसेवियों ने किया बोटैनिकल गार्डन का सौंदर्यीकरण

अम्ब (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में आयोजित एन.एस.एस. के 7 दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई की और बोटैनिकल गार्डन का सौंदर्यीकरण किया। बौद्धिक सत्र में एडवोकेट विकास कश्यप ने स्वयंसेवियों को कानून और मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा के अलावा एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. प्रीति व डा. रजनीश मुख्य रूप से उपस्थित थे।

75. Beautification of Botanical Garden in campus dated 21.12.2021



# सही खान–पान की जानकारी दी

अम्ब, 22 दिसम्बर (रजनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर के तीसरे दिन पवन पटियाल ने स्वयंसेवियों को शारीरिक स्वास्थ्य एवं खान–पान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवा ही देश के विकास में योगदान दे सकता है। यदि हम स्वस्थ नहीं होंगे तो देश के विकास की ओर अग्रसर नहीं हो पाएंगे। उन्होने खान–पान के तरीकों के बारे में स्वयंसेवियों को बताया कि हमें अपने दिनचर्या में किस प्रकार का स्वस्थ भोजन करना चाहिए, ताकि हम तंदरुस्त रहें और देश के विकास की ओर अग्रसर हो सकें। इसके बाद स्वयंसेवियों ने नशामुक्ति के विषय पर रैली निकाली, जोकि राजकीय महाविद्यालय से शुरू होकर अम्ब की प्रोफैसर कालोनी तक निकाली। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. प्रीति और डा. रजनीश भी उपस्थित रहे।

76. Awareness on Physical Health and Balance Diet dated 21.12.2021

समाचार पत्र : दैनिक भास्कर
दिनांक : 25/2/22.

## नारा लेखन में राखी चौधरी प्रथम, द्वितीय स्थान पर सेजल व तृतीय स्थान पर रही पिंकी

अंब| महाराणा प्रताप कॉलेज अंब में रोड सेफ्टी क्लब के सौजन्य से वीरवार को नोडल अधिकारी प्रो. सुखदेव की देख-रेख में सड़क सुरक्षा विषय पर आधारित नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 31 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका नारा लेखन के लिए डॉ. गोदावरी गर्ग, प्रो. अजय कुमार, और डॉ. कुमारी सुजाता तथा पोस्टर मेकिंग के लिए डॉ. सुरुचि शर्मा, प्रो. जमित सिंह व प्रो.सुरेता द्वारा निभाई गई। नारा लेखन में प्रथम स्थान पर राखी चौधरी, द्वितीय स्थान पर सेजल व तृतीय स्थान पर पिंकी और पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर नीरज कुमार, द्वितीय स्थान पर शेफाली व तृतीय स्थान पर सीमा बेगम रहे। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के लिए 2100 रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 1500 रुपए तृतीय स्थान के लिए 1100 रुपए और सांत्वना पुरस्कार के तौर पर दो-दो प्रतियोगियों को 500 रुपए प्रत्येक को नकद पुरस्कार के साथ मुख्यातिथि प्राचार्य महोदय डॉ.रमन शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।




अम्ब : स्थानीय कालेज में सड़क सुरक्षा विषय पर आधारित नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में। (कौशल)

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 26/2/22.

77. Slogan writing competition on Road safety dated 24.02.2022

# महाराणा प्रताप कॉलेज में दो दिवसीय एथलेटिक मीट शुरू



एथलेटिक मीट में शॉटपुट थ्रो प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं।

अंब शुक्रवार को महाराणा प्रताप कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट शुरू हुई। 12 दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में डॉक्टर बीके दत्ता बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे और उन्होंने विधिवत रूप से इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रिंसिपल रमण शर्मा ने कोरोना काल के बाद कॉलेज आए स्टूडेंट्स का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने स्टूडेंट्स को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की नसीहत दी। लगभग 2 साल क ऑनलाइन क्लास इसके बाद कॉलेज पहुंचकर खुले वातावरण में कई हो खेल को लेकर स्टूडेंट्स में काफी उत्साह देखा गया। जानकारी देते हुए कॉलेज प्रिंसिपल रमन शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर स्टूडेंट्स में काफी उत्साह है।इस प्रतियोगिता में मैन व वुमेन कैटेगरी में शॉट पुट ,लॉन्ग जंप, हाई जंप, सेक रेस, नीडल थेड़ रेस, रस्साकशी ,म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया जा रहा है । रेस की प्रतियोगिता में 5000 मीटर, 100 मीटर ,200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ साथ जैवलिन थ्रो व डिस्कस थ्रो की भी प्रतियोगिताएं होंगी।

78. Two Days Annual Athletic Meet dated 24.02.2022 & 25.02.2022

79.



ऊना केसरी

मंगलवार TUESDAY 1 मार्च 2022

# विद्यार्थियों को बताया विज्ञान दिवस का महत्व

समाचार पत्र पंजाब केसरी
दिनांक - 1/3/22

79. Celebration of Science Day dated 28.02.2022



अम्ब, (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा द्वारा सड़क नियमों के महत्व व इनका पालन करने के लिए समस्त छात्रों को संबोधित किया गया तथा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नोडल ऑफिसर प्रो. सुखदेव की अगुवाई में महाविद्यालय परिसर से आरम्भ हुई रैली स्थानीय बाजार से होते हुए वापस कालेज पहुंची। जागरूकता रैली के दौरान लोगों को हैल्मेट का महत्व, गाड़ी चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग, नशा करके गाड़ी न चलाना, अधिक गति से वाहन न चलाना और हमेशा सड़क नियमों के पालन से संबंधित नारों द्वारा जागरूक किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय का समस्त प्राध्यापक एवं गैर-प्राध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।



*अम्ब : रोड सेफ्टी क्लब द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को रवाना करने से पूर्व अम्ब कालेज के प्राचार्य विद्यार्थियों व अन्य के साथ संयुक्त चित्र में।* (अश्विनी)

80. Rally on Road Safety Rules dated 02.03.2022



# अम्ब कालेज में विद्यार्थियों को करियर बारे दिए टिप्स

अम्ब, 6 मार्च (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में करियर काऊंसलिंग तथा प्लेसमैंट सैल द्वारा बी.एससी., बी.सी.ए. तथा बी.बी.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए करियर काऊंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर में वैटर्नस अकादमी चंडीगढ़ के निदेशक तथा करियर काऊंसलर रविंद्र ठाकुर ने विद्यार्थियों को बैंकिंग सैक्टर, डिफैंस सैक्टर में जॉब अपोर्च्युनिटी के बारे में बताया।

उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (एस.एस.सी., यू.जी.सी., यू.पी.एस.सी.) आदि के सिलेबस के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में करियर काऊंसलिंग तथा प्लेसमैंट सैल के संयोजक प्रो. दर्शन कुमार, प्रो. अनिल वर्मा, प्रो. हरजीत सिंह, प्रो. विजेंद्र सिंह, प्रो. रेनू बाला तथा प्रो. नेहा जसवाल उपस्थित रहे।

81. Career Counselling session by Veterans Academy, Chandigarh dated 06.03.2022

# महिला दिवस पर प्रस्तुतियों से बांधा समां

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब (ऊना)। राजकीय महाविद्यालय अंब में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं।

इस अवसर पर स्किल डेवलपमेंट कोर्स की समन्वयक प्रो. रेखा शर्मा की अगुवाई में महिला दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अन्य कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर प्रो. दर्शन धीमान, डॉ. सोफिया प्रभाकर, कोर्स काउंसलर अनुराग शर्मा, प्रशिक्षक मनोज सेंधु, तनिश्री ठाकुर, पूजा बंसल और अन्य मौजूद रहे।



महिला दिवस पर अंब कॉलेज का स्टाफ और विद्यार्थी। -संवाद

# अम्ब कालेज में महिला दिवस मनाया

अम्ब, 8 मार्च (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर स्किल डिवैल्पमैंट कोर्स की समन्वयक प्रो. रेखा शर्मा की अगुवाई में विद्यार्थियों ने महिला दिवस के उपलक्ष्य पर समूह नृत्य, एकल नृत्य, एकल गान, कविता वाचन सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर प्रो. दर्शन धीमान, डा. सोफिया प्रभाकर, कोर्स काउंसलर अनुराग शर्मा, प्रशिक्षक मनोज सेंधु, तानिश्री ठाकुर, पूजा बंसल सहित प्राध्यापक व गैर प्राध्यापक वर्ग के सदस्य उपस्थित रहे।

82. Celebration of International Women’s Day dated 08.03.2022

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में नीरज प्रथम

अंब | महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब के सौजन्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रमन शर्मा ने प्रथम स्थान पर रहे प्रतिभागी नीरज व द्वितीय स्थान पर रही अनामिका और तृतीय स्थान पर अरे महेश चौधरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. सुखदेव और डॉ. कुमारी सुजाता द्वारा निभाई गई। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयास के लिए बधाई दी।

83. Essay writing competition on Road Safety dated 08.03.2022

# अंब कॉलेज के वार्षिक समारोह में मेधावियों को मिला सम्मान

## विद्यार्थियों ने गीत-संगीत और नृत्यों की प्रस्तुति से बांधा समा

संवाद न्यूज एजेंसी

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक बलबीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ रमन कुमार शर्मा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। समारोह में कॉलेज विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। लोकनृत्यों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।



वार्षिक समारोह के मौके पर भंगड़ा की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। संवाद

### विभिन्न गतिविधियों में भी दिए पुरस्कार



प्रदेश में बीकॉम में आठवां स्थान हासिल करने वाली अंब कॉलेज आकृति ठाकुर को सम्मानित करते विधायक बलबीर सिंह। संवाद

### इन्हें मिला सम्मान

84. Annual Prize Distribution Function dated 17.03.2022




अम्ब : स्थानीय कालेज में शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को श्रद्धांजलि देने के बाद एन.एस.एस. व एन.सी.सी. इकाई से जुड़े छात्र प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य के साथ सामूहिक चित्र में। (अश्विनी)

अम्ब, ( अश्विनी ): महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्ब में एन.एस.एस. व एन.सी.सी. इकाई द्वारा शहीदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर प्रो. दर्शन धीमान, एन.एस.एस. अधिकारी डा. रजनीश व डा. प्रीति, एन.एस.एस. अधिकारी अनिल वर्मा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

85. Tribute to Shaheed Bhagat Singh, Sukhdev, Raj Guru on Shaheedi Diwas dated 23.03.2022

# प्रवेश परीक्षाओं के पहलुओं पर डाला प्रकाश



अम्ब : कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देती हुई भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली की शोधकर्ता साक्षी शर्मा। (अश्विनी)

## राजकीय महाविद्यालय अम्ब में प्लेसमैंट एंड करियर गाइडैंस सैल की एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

अम्ब, 24 मार्च (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में प्लेसमैंट एंड करियर गाइडैंस सैल द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बी.सी.ए. व बी.बी.ए. के 120 विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.) तथा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन.आई.टी.) में होने वाली विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई।

वर्कशॉप में विशेष रूप से उपस्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली की शोधकर्ता साक्षी शर्मा ने उक्त प्रवेश परीक्षाओं के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने बताया कि अब प्रौद्योगिकी के विभिन्न विषयों के साथ-साथ कला, वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय के विद्यार्थी भी अब उच्च शिक्षा के लिए आई.आई.टी. तथा एन.आई.टी. में प्रवेश पा सकते हैं।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्लेसमैंट एंड ट्रेनिंग ऑफिसर प्रो. दर्शन धीमान तथा असिस्टैंट प्लेसमैंट एंड ट्रेनिंग ऑफिसर प्रो. अनिल वर्मा ने भी इस संदर्भ में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में विशेष रूप से उपस्थित सदस्य सुमित शर्मा ने बी.सी.ए. के विद्यार्थियों को भविष्य के उपयोग में आने वाली नवीनतम टैक्नोलॉजी (डाटा एनालिसिस ब्लॉक चेन, आई.ओ.टी., तथा रोबोटिक्स) विषयों पर जानकारी दी।

इस मौके पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने कार्यशाला के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में विद्यार्थियों के हित में इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की जाएं।

कार्यशाला में बी.सी.ए. व बी.बी.ए. विभाग के प्रो. मोनिका जसवाल, प्रो. रितु व प्रो. नेहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 25-03-2022

## विद्यार्थियों को दी प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी

अंब (ब्यूरो)। महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय अंब में प्लेसमेंट एंड कैरिअर गाइडेंस सेल ने कार्यशाला का आयोजन किया। इस मौके पर उच्च शिक्षण संस्थानों की प्रवेश परीक्षाओं के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।

कार्यशाला में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली की शोधकर्ता साक्षी शर्मा ने प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। कॉलेज के प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग ऑफिसर दर्शन कुमार तथा असिस्टेंट ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अनिल वर्मा ने भी विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी प्रदान की। सुमित शर्मा ने बीसीए के विद्यार्थियों को भविष्य में उपयोग में आनेवाली नवीनतम तकनीक से अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रो. मोनिका जसवाल, प्रो. रितु, प्रो. नेहा मौजूद रहे। ब्यूरो

समाचार पत्र: अमर उजाला
दिनांक : 25-03-2022

86. One day workshop regarding entrance exams dated 24.03.2022

# पासआऊट विद्यार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र



*अम्ब : आइलेट्स एवं इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स के पासआऊट विद्यार्थी प्रमाण पत्र हासिल करने के बाद प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में।* (अश्विनी)

अम्ब, 31 मार्च (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अंतर्गत आइलेट्स एवं इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का समापन समारोह मनाया गया। वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने पास आऊट हुए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस मौके पर प्राचार्य ने ट्रेनर मनीष जे.पी. शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि मात्र एक महीने में विद्यार्थी कोर्स से लाभान्वित हुए हैं।

87. Award ceremony of IELTS and English-speaking course students dated 31.03.2022

# जल संरक्षण पर निकाली जागरूकता रैली




जल संरक्षण पर जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। -संवाद

अंब (ऊना)। राजकीय महाविद्यालय अंब में एनसीसी कैडेट्स ने वर्षा जल संचयन तथा जल संरक्षण पर जागरूकता रैली निकाली। जल संरक्षण को लेकर शिविर का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय में उपस्थित जल स्रोतों की साफ सफाई की। कॉलेज एनसीसी केयरटेकर प्रो.अनिल वर्मा ने जल संचयन के महत्व पर प्रकाश डाला और इसके विभिन्न तरीकों बारे विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार ने भी जल संचयन पर अपने विचार रखे। उन्होंने विद्यार्थियों इस विषय पर समाज को जागरूक करने में अपना सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। जिससे जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। इस मौके पर प्रो. दर्शन भी मौजूद रहे। संवाद

88. One day camp on Rainwater harvesting and water conservation dated 16.04.2022

# इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए 25 विद्यार्थी चयनित

अम्ब, 18 मई (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में एकदिवसीय प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रोफेसर दर्शन कुमार ने बताया कि बजाज कैपिटल की 3 सदस्य टीम ने इस प्लेसमैंट ड्राइव में भाग लिया।

रंजीत कुमार सीनियर मैनेजर एच.आर. हैड ऑफिस दिल्ली, दिनेश शर्मा रीजनल मैनेजर और एसोसिएट वाइस प्रैजीडैंट हिमाचल, पंजाब और दिल्ली एरिया तथा संजीव कुमार ब्रांच मैनेजर कांगड़ा और ऊना इस टीम का हिस्सा रहे महाविद्यालय के असिस्टैंट ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रोफेसर अनिल वर्मा ने प्लेसमैंट ड्राइव की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमैंट ड्राइव के लिए 68 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था तथा 34 विद्यार्थियों ने इस प्लेसमैंट ड्राइव में भाग लिया। प्रोफेसर वर्मा ने यह भी बताया कि बजाज कैपिटल द्वारा विशेष तौर पर 3 जॉब प्रोफाइल्स क्लाइंट रिलेशनशिप ऑफिसर, क्लाइंट केयर ऑफिसर तथा ऑफिसर डाटा सोर्सिंग पदों के लिए बजाज कैपिटल द्वारा इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इंटरव्यू तथा साइकोमैट्रिक टैस्ट उत्तीर्ण करने वाले 25 विद्यार्थियों का चयन बजाज कैपिटल द्वारा किया गया। इन 25 विद्यार्थियों को 3 महीने के इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए चयनित किया गया है। इंटर्नशिप प्रोग्राम में इन विद्यार्थियों को 10000 रुपए प्रति माह स्टाइपैंड दिया जाएगा तथा 3 महीने के बाद विभिन्न जॉब प्रोफाइल्स के लिए चयनित किया जाएगा। चयनित हुए 25 विद्यार्थी को 20 मई से बजाज कैपिटल की ऊना ब्रांच में ज्वाइन करना होगा। प्लेसमैंट ड्राइव में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने बजाज कैपिटल की ओर से आए हुए अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए तथा सभी अधिकारियों का इस प्लेसमैंट ड्राइव के लिए धन्यवाद किया। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने इस प्लेसमैंट ड्राइव की सराहना की तथा सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। इस प्लेसमैंट ड्राइव में डा. सुरुचि शर्मा, डा. श्रुति, प्रो. जमीत कुमार, डा. विजेंद्र व प्रो. हरजीत विशेष रूप से सम्मिलित हुए।



अम्ब: कालेज में आयोजित एकदिवसीय प्लेसमैंट ड्राइव के दौरान प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ बजाज कैपिटल के अधिकारी। (अश्विनी)

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 19-05-2022

89. Placement drive by Bajaj Capitals dated 18.05.2022



## प्लेसमेंट ड्राइव में 8 विद्यार्थी चयनित

अम्ब, 20 मई (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में एकदिवसीय प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रो. दर्शन कुमार ने बताया कि एकमे एच.आर. कंसल्टिंग मोहाली की 2 सदस्य टीम ने इस प्लेसमैंट ड्राइव में भाग लिया। जपजोत कौर डायरैक्टर आप्रिशन तथा राजेश कुमार पाराशर डायरैक्टर लाइजनिंग इस टीम का हिस्सा रहे।

महाविद्यालय के असिस्टैंट ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि इसके लिए 111 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था।

इस इंटरव्यू के आरंभ में विद्यार्थियों के लिए एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इंटरव्यू तथा लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 8 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इन 8 विद्यार्थियों को 1 से 3 महीने के ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए चयनित किया गया है। चयनित हुए विद्यार्थियों को 23 मई से कम्पनी के चिंतपूर्णी स्थित कार्यालय में ज्वाइन करना होगा।

इस प्लेसमैंट ड्राइव में डा. सुरुचि शर्मा, डा. श्रुति, प्रो. राजेश ठाकुर, डा. विजेंद्र तथा प्रो. हरजीत विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनाँक : 21-05-2022

## अंब कॉलेज के आठ विद्यार्थियों का मोहाली की कंपनी में चयन


अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में एकमे एचआर कंसल्टिंग मोहाली कंपनी ने प्लेसमैंट ड्राइव के तहत शुक्रवार को आठ विद्यार्थियों का चयन किया है। इस आयोजन में 111 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया।

कंपनी की ओर से संचालन निदेशक जपजोत कौर और संपर्क निदेशक राजेश कुमार पराशर ने प्रशिक्षु पदों के लिए साक्षात्कार लिए। साक्षात्कार और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आठ विद्यार्थियों का चयन किया गया। इन्हें एक से तीन महीने के ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए चयनित किया गया है। इसके तहत इन विद्यार्थियों को 6,000 रुपये से 9,000 रुपये प्रति माह स्टाइपंड दिया जाएगा। जबकि एक से तीन महीने के बाद विभिन्न जॉब प्रोफाइल के लिए चयनित किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को 23 मई से कंपनी के चिंतपूर्णी स्थित कार्यालय में पदभार संभालना होगा।

इस मौके पर साक्षात्कार में चयनित तीन विद्यार्थियों नेहा देवी, अंकिता कुमारी, और कनव भारद्वाज को प्रस्ताव पत्र भी प्रदान किए गए। संवाद

समाचार पत्र : अमर उजाला
दिनाँक : 21-05-2022

90. Placement drive by Acme Hr. Consultancy Mohali dated 20.05.2022



महाराणा प्रताप महाविद्यालय में पूर्व छात्र संगठन बैठक बारे

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के पूर्व छात्र संगठन की आम बैठक 29 मई को महाविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में होगी। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की प्रगति में पूर्व छात्र संगठन के सदस्यों का विशेष योगदान रहता है।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी
दिनांक : 28-05-2022

## कॉलेज में बैठक कल

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में पूर्व छात्र संगठन की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने बताया कि 29 मई को सुबह 11 बजे कॉलेज के बहुउद्देशीय हाल में बैठक का आयोजन किया जाएगा। संवाद

समाचार पत्र: अमर उजाला
दिनांक : 29-05-2022


## अम्ब कालेज में पूर्व छात्र संगठन की बैठक आज

अम्ब, 28 मई (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के पूर्व छात्र संगठन की आम बैठक 29 मई को महाविद्यालय के मल्टीपर्पज हाल में होगी।


प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की प्रगति में पूर्व छात्र संगठन के सदस्यों का विशेष योगदान रहता है। प्राचार्य ने सभी पूर्व छात्रों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर बैठक को सफल बनाएं।

समाचार पत्र: पंजाब केसरी

91. Meeting of Old Student Association dated 29.05.2022



92. NCC "CEE" Certificate Examination



## एनसीसी कैडेट्स को बांटे बी सर्टिफिकेट

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या अलका शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने एनसीसी के कैडेट्स को बी सर्टिफिकेट प्रदान किए। विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का अहम महत्त्व है। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। इस दौरान ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉट पुट, चक्का फेंक, जेवलियन थ्रो सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या ने विजेता, उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। उधर, डा. सुनील दत शर्मा ने बताया कि इस दौरान आयोजित लंबी कूद पुरुष वर्ग में साहिल, आदर्श, नन्हे वर्मा, महिला वर्ग में काजल, रमा देवी, अंजलि देवी ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा महिला वर्ग की ऊंची कूद में अंजलि शर्मा, रमा देवी, वंदना कुमारी, पुरुष वर्ग में निखिल, नन्हे वर्मा, साहिल, महिला शॉट पुट में हर्ष भाटिया, रमा देवी, वंदना कुमारी, पुरुष वर्ग में प्रवीण कुमार, विश्वजीत, जसविंद्र सिंह, डिस्कस थ्रो महिला वर्ग में वंदना, हर्ष भाटिया, रमा देवी, पुरुष वर्ग में रिंकू, अभय शर्मा, जसविंद्र, जेवलियन थ्रो महिला वर्ग में वंदना, रमा देवी, अंजलि शर्मा, पुरुष वर्ग में विशाल कुमार, प्रवीण कुमार, काजल नेहा ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा स्थान हासिल किया।

93 NCC ”BEE” Certificate Examination



हिंदी

# ऑनलाइन कविता पाठ में नीरज अव्वल

अंब/हरोली (ऊना)। महाराणा प्रताप कॉलेज अंब में हिंदी दिवस का आयोजन गूगल मीट पर ऑनलाइन मोड में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमन कुमार शर्मा व डॉ. कुमारी सुजाता ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा का महत्व बताया। हिंदी कविता पाठ भी किया गया। इसमें डॉ. सीमा शर्मा और प्रो. अनिता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में नीरज ने प्रथम, अनुपम ने द्वितीय ओर मनीष ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर प्रो दर्शन धीमान, डॉ सोफिया प्रभाकर सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे। वहीं, नेहरू युवा केंद्र द्वारा हरोली के गांव ललड़ी में हिंदी दिवस पर ललड़ी के युवाओं द्वारा स्लोगन राईटिंग, लेखांकन का आयोजन हुआ।

94. Celebration of Hindi Diwas (through online mode) dated 14.09.2020



# अंब महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित


## कोविड-19 महामारी में प्रशासन की मदद के साथ लोगों को किया जागरूक

कोविड 19 महामारी में प्रशासन को सहयोग देने वाले एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करते अधिकारी।

ंवाद न्यूज एजेंसी

ंब(ऊना)। कोविड-19 की कथाम में प्रशासन की मदद और ोगों को जागरूक करने में सहयोग रने वाले एनसीसी कैडेट्स को ंब कॉलेज में सम्मानित किया या। इस मौके पर 6 एचपी (1) ीओआई एनसीसी ऊना के कमान अधिकारी कर्नल साकेत दियो ने एनसीसी कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान करके सम्मानित किया। कर्नल साकेत दियो ने एनसीसी कैडेट्स को प्रोत्साहित किया और एनसीसी का महत्व बताया। उन्होंने कैडेट्स के अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि उन्होंने इस महामारी के दौरान कैडेट्स को इस कार्य के स्वीकृति प्रदान की। कैडेट्स ने लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर प्रो. दर्शन धीमान, कॉलेज एनसीसी केयर टेकर, डॉ. सुनील रियात, चीफ अफिसर अश्विनी कुमार, सोभा, अफिसर हरीश लठ्ठ, सीनियर जेसीओ सादवेंद्र आदि मौजूद थे।

95. Honoring NCC cadets for their work towards Covid –19 prevention dated 15.09.2020



# एन.एस.एस. वालंटियर्ज ने निकाली जागरूकता रैली

अम्ब, 10 फरवरी (अश्विनी): ...क सुरक्षा अभियान के तहत महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के एन.एस.एस. वालंटियर्ज ने जागरूकता रैली निकाली। बुधवा... को निकाली गई जागरूकता रैली ... दौरान एन.एस.एस... स्वयंसेवियों ने वाह... चालकों को यातायात... नियमों के बारे में अवग... करवाया। इससे पहल... कालेज प्राचार्य डा. रम... शर्मा में कालेज में छात्र... को यातायात नियम... सम्बन्धी बताया। इस... अवसर पर एन.एस.एस... प्रभारी प्रो. प्रीति, डा... रजनीश कुमार व पू... एन.एस.एस. इकाई... अध्यक्ष गौरव ठाकुर भी... उपस्थित रहे।

...समाचार पत्र पंजाब केसरी

...दिनांक 10/02/2021

96. Awareness Rally on Road Safety by NSS Unit dated 09.02.2021

# राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता छात्रा को किया सम्मानित

## दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में लिया था हिस्सा



अम्ब : दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाली अम्ब कालेज की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता दीक्षा को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डा. रमन शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्य। (अश्विनी)

अम्ब, 11 फरवरी (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में राष्ट्रीय सेवा योजना (एस.एस.एस.) की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता दीक्षा का कालेज में पहुंचने पर स्वागत किया गया। प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता छात्रा दीक्षा (बी.ए. तृतीय वर्ष) को सम्मानित किया। वीरवार को अम्ब कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने कहा कि यह हमारे लिए बड़े ही गर्व का विषय है कि हमारे राज्य से गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए चार एन.एन.एस. प्रतिभागी चयनित हुए थे जिसमें दीक्षा भी शामिल रही।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है और आज का युवा वर्ग राष्ट्र विकास को नई दिशा दे रहा है।

प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को दीक्षा से प्रेरणा लेने को कहा। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि गत दिनों राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय एवं शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह द्वारा गणतंत्र दिवस परेड में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली एन.एस.एस. स्वयंसेवी दीक्षा को सम्मानित किया गया था।

97. Welcoming Diksha, participant of Republic Day Parade dated 10.02.2021

# कॉलेज के स्टूडेंट्स ने बैनर सहित अंब के बाजार में निकाली जागरूकता रैली

भास्कर न्यूज़ | अंब

अनिरुद्ध सत्यम ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल अम्ब तत्वावधान में अम्ब कॉलेज के विद्यार्थियों ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत अम्ब बाजार में जागरूकता रैली निकाली। ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल की ओर से 11 से 17 फरवरी तक मनाए जाने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह की सफलता को लेकर इस रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने अपने हाथों में सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्घटना से देर भली, हेल्मेट पहन कर बाईक चलाएं, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाएं जैसे नारे लिखी तख्तियां लिए हुए थीं। जिनमें यातायात के दौरान पालन किए जाने वाले नियमों को लेकर जागृति के लिए अभियान चलाया गया।

अनिरुद्ध सत्यम ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के संचालक संजीव कुमार ने रैली से पूर्व कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि सभी वाहन चलाते समय यातायात नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन करेंगे। यह भी कहा कि वे अपने परिवार, समाज एवं संपर्क में रहने वाले लोगों को भी वाहन चलाते समय यातायात के नियमों एवं प्रावधानों का पालन कराने के लिए प्रेरित एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करेंगे। इस मौके पर ग्राम पंचायत अम्ब के उपप्रधान धरमिंदर कुमार, पुलिस थाना अम्ब से विजय कुमार, कुलदीप कुमार, अनीता कुमारी व कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



सड़क सुरक्षा अभियानः रैली निकालते छात्र

98. Awareness on Road Safety dated 16.02.2021



## स्वयंसेवियों ने की कॉलेज परिसर की सफाई

अंब(ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में साफ-सफाई की। इस अवसर पर कॉलेज के एनएसएस प्रभारी डॉ. रजनीश कुमार और प्रो. प्रीति ने स्वयंसेवियों को एनएसएस के आदर्शों के बारे में बताया। संवाद

99. Cleanliness Drive by NSS Unit dated 01.03.2021



# 'स्वयंसेवियों को एन.एस.एस. बारे दी जानकारी

जिनमें 27 लड़के व 26 लड़कियां शामिल रहीं

अम्ब( अश्विनी ): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित शिविर में अम्ब कालेज के स्वयंसेवियों ने कालेज परिसर में साफ-सफाई की। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी डा. रजनीश कुमार और प्रो. प्रीति ने स्वयंसेवियों को एन.एस.एस. के मूल कर्तव्यों की जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा, डा. सुनील रयात और अन्य कालेज स्टाफ भी उपस्थित रहा।

अम्ब/गगरेट : अम्ब कालेज में एन.एस.एस. के एकदिवसीय शिविर में उपस्थित स्टाफ व मौजूद स्वयंसेवी।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 02-03-2021

100. Opening of NSS Camp dated 22.03.2021



# 'अम्ब कालेज में स्वयंसेवियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति'

अम्ब, 30 मार्च (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी डा. रजनीश ने शिविर की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। इस मौके पर स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. प्रीति व प्रो. रजनीश उपस्थित रहे।

अम्ब : अम्ब कालेज में एन.एस.एस. शिविर के समापन पर मुख्यातिथि व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ एन.एस.एस. स्वयंसेवी। (अश्विनी)

101. Closing ceremony of 7-day NSS Camp dated 29.03.2021

# नशे के खिलाफ जागरूक किया




अम्ब कॉलेज में सोमवार को नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते शिक्षक व विद्यार्थी • जागरण

संवाद सहयोगी, अम्ब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में सोमवार को प्राचार्य डॉ. रमन शर्मा की अध्यक्षता में एनएसएस के स्वयंसेवियों ने नशा के खिलाफ अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।


इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमन शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के प्रभावों के बारे में अवगत करवाया। साथ ही उन्होंने नशा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

इस मौके पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सोफिया प्रभाकर व एनएसएस प्रभारी डॉ. श्याम कालिया

समाचार पत्र: दैनिक जागरण
दिनांक: 9/7/19

Principal
MPG Degree College
Amb Dist...

102. Rally against drug abuse by NSS Unit dated 08.07.2019



अंब कालेज में सजा इंडक्शन प्रोग्राम

अंब। राजकीय महाविद्यालय अंब में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डा रमन शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों बारे जानकारी दी।

103. Three-day induction workshop dated July 2019

# मेहंदी स्पर्धा में अंजली अव्वल



अम्ब कॉलेज में टैलेंट हंट प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थी • जागरण

संवाद सहयोगी, अम्ब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में शनिवार को टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के बीच रंगोली बनाओ, मेहंदी और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रमन शर्मा ने किया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व रहता है। क्योंकि इन प्रतियोगिताओं से आत्मविश्वास बढ़ता है। मेहंदी प्रतियोगिता में अंजली शर्मा ने पहला, नीरज कुमारी ने दूसरा और रितिका चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली में वैशाली ने पहला, शालिनी ने दूसरा और शीतल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कोलाज मेकिंग में मानसी ने पहला, कृतिका ने दूसरा, पल्लवी कौंडल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

104. Talent Hunt competition dated 29.07.2019



अम्ब कालेज में स्वच्छता अभियान के तहत जागरूक करते युवक क्लब के सदस्य।

# पेड़ हमारे मित्र, करें संरक्षण

जागरण संवाददाता, ऊना : वशिष्ठ पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। अध्यापिकाओं ने पेड़ बचाओ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के द्वारा बच्चों को पेड़ों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि पेड़ हमारे सच्चे मित्र हैं। पेड़ों से भोजन, आश्रय, ऑक्सीजन और बहुमूल्य चीजें प्राप्त होती हैं। उन्हें बताया गया कि पेड़ों को काटना नहीं चाहिए बल्कि अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। इस अवसर पर सभी बच्चे और अध्यापक हरे रंग के कपड़ों में दिखाई दिए। स्कूल प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों को पेड़ों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ठ ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कम से कम पांच पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर बच्चों से पौधारोपण भी कराया गया।

## रैली में दिया स्वच्छता का संदेश

संवाद सहयोगी, अम्ब : नेहरू युवा केंद्र ऊना द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत युवा स्वयंसेवक शुभम कुमार ने स्वच्छता पर महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के युवाओं को जागरूक किया गया। युवाओं को बताया कि कैसे हम अपने आसपास की जगह को साफ रखें। घर के आस-पास सफाई कैसे रखें।

प्लास्टिक की बोतल और पॉलीथीन न जलाएं। उसके बाद कॉलेज में सफाई की जिसमें बच्चों ने प्लास्टिक की बोतलें और पॉलीथीन के लिफाफे एकत्रित किए। शुभम कुमार ने बताया कि सफाई हमारे लिए कितनी जरूरी है। उसके बाद महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवी, एनसीसी स्वयंसेवी व अन्य बच्चों से भी महाविद्यालय से चौक तक रैली निकाल कर लोगों और दुकानदारों को जागरूक भी किया। उसके बाद महाविद्यालय में पौधारोपण कर युवाओं को जागरूक किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार, डॉ. सुनील दत्त शर्मा, एनएसएस प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, प्रो. प्रीति समेत 150 बच्चे मौजूद रहे।

105. Plantation and cleanliness drive dated 29.07.2019

# अम्ब में स्वच्छता रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

अम्ब, 29 जुलाई (सवेरा) : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र ऊना द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप (2.0) के अन्तर्गत युवा स्वयंसेवक शुभम कुमार ने स्वच्छता के ऊपर सोमवार को महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के युवाओं को जागरूक किया गया। जिसमें सबसे पहले युवाओं को स्वच्छता बारे बताया कि कैसे हम अपने आसपास की जगह को साफ रखें और घर के आस-पास सफाई कैसे रखे। उसके बाद कॉलेज के सभी बच्चों ने कॉलेज प्रांगण की सफाई की। जिसमें बच्चों ने प्लास्टिक की बोतले और पॉलिथीन के लिफाफे एकत्रित किए। महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी स्वयसेवियों व अन्य बच्चों ने महाविद्यालय से चौक तक स्वच्छता जागरूकता रै[illegible] निकालकर लोगों को जागरूक कि[illegible] महाविद्यालय के प्रांगण में कॉले[illegible] प्राचार्य व समस्त अध्यापकों औ[illegible] बच्चों ने पौधारोपण किया।



महाविद्यालय अम्ब में पौधारोपण करते हुए कालेज प्राचार्य व अन्य। (सवेरा)

106. Rally on Cleanliness dated 29.07.2019



# अम्ब कॉलेज में चलाया सफाई अभियान

अम्ब कॉलेज में एनएसएस शिविर के दौरान विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य • जागरण

**संवाद सहयोगी, अम्ब :** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर विशेषकर एनएसएस रूम, गर्ल्स कॉमन रूम की साफ सफाई की। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. श्याम कालिया व प्रो. प्रीति ने स्वयंसेवियों को अपने आसपास के वातावरण को कैसे साफ सुथरा रखना है, इसके बारे में जागरूक किया।

समाचार पत्र प्र. दैनिक जागरण
दिनांक ता. 8/8/19.

## कॉलेज विद्यार्थियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

अंब (ऊना)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में एनएसएस इकाई ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसके तहत स्वयंसेवियों ने कॉलेज गर्ल्स रूम, बॉटनिकल गार्डन और कॉमन रूम में सफाई की और इनका सौंदर्यीकरण किया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों और विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्हें स्वच्छता की शपथ ...

107. Cleanliness drive dated 07.08.2019

# चुनौती से निपटने में काउंसलिंग मददगार : तोरुल



अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में शनिवार को कॅरिअर गाइडेंस सेल के तत्वावधान में व्याख्यान आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम अंब तोरुल एस रवीश ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सर्विस परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स [illegible]। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग की जरूरत न सिर्फ किसी समस्या के सम[illegible] आवश्यक है बल्कि किसी चुनौती से निपटने के लिए खुद [illegible] रखने के लिए भी काउंसलिंग सदैव मददगार रहती है। विद्यार्थी स[illegible]ल अभ्यास और इसके प्रति पूर्ण समर्पण से सफलता पूर्वक लक्ष्य को [illegible] सकता है। इस अवसर पर प्रो. दर्शन धीमान, डॉ. सुनील दत्त शर्मा, [illegible] सोफिया प्रभाकर सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे। ब्यूरो

108. Career counselling session dated 31.08.2019



109. Celebration of Teacher's Day dated 05.09.2019

समाचार पत्र दैनिक जागरण
दिनांक 14/9/19

समाचार पत्र पंजाब केसरी
दिनांक 15/9/19

## भाषण में अनुपमा और निबंध में दीक्षित प्रथम

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में हिंदी दिवस पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृ भाषा है और इसका हमें सम्मान करना चाहिए। हिंदी भाषा और हिंदी दिवस का बहुत महत्व है। यह न सिर्फ हमारी राष्ट्रीय भाषा है बल्कि हमारी पहचान भी है। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अनुपमा ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय, साक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में दीक्षित ने प्रथम, प्रियंका ने द्वितीय और मंजीत ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की संयोजक कुमारी सुजाता ने कहा कि हिंदी भाषा ही नहीं अपितु हमारे सम्मान, स्वाभिमान और गर्व की पहचान है। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। (ब्यूरो)



अम्ब : अम्ब कालेज में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान करवाई गई प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डा. रमन शर्मा। (अश्विनी)

## निबंध लेखन में दीक्षित प्रथम

अम्ब (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्या दात्री मां सरस्वती के चरण कमलों में दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम में भाषण प्रतियोगिता में अनुपमा ने प्रथम, मनीषा ने दूसरा साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। निबंध लेखन में दीक्षित ने प्रथम, प्रियंका ने दूसरा, मंजीत ने तीसरा स्थान पाया। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका डा. कुमारी सुजाता सहित कालेज स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

Principal
MPG D...
Amb Dist...

समाचार पत्र अमर उजाला
दिनांक 15/9/19

110. Celebration of Hindi Diwas dated 14.09.2019



न्यूज डायरी

# अंब कॉलेज में पोषण पर लगाया शिविर

अंब (ऊना)। अंब कॉलेज एनएसएस इकाई ने पोषण अभियान के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर लगाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन शर्मा की अध्यक्षता में एनएसएस स्वंयसेवियो ने स्थानीय गांव के नजदीक झुग्गी-झोंपड़ी में जाकर लोगों को कुपोषण से बचाव के उपाय बताए। स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। प्लास्टिक का सामान उपयोग में न लाने की सलाह दी। कॉलेज प्राचार्य ने स्वयंसेवियों को कुपोषण से बचाव के लिए पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लेने की सलाह दी। इस अवसर पर कॉलेज एनएसएस प्रभारी प्रो. श्याम कालिया आदि मौजूद रहे।

111. One day camp on POSHAN abhiyan dated 14.09.2019

# महाविद्यालय अम्ब में साइबर क्राइम और नशा निवारण बारे विद्यार्थियों को किया जागरूक



महाविद्यालय अम्ब में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए डीएसपी हरोली अनिल मेहता।

अम्ब, 21 सितंबर (राम प्रकाश) : राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को रूसा गतिविधियों के अंतर्गत साइबरक्र इम और नशा निवारण पर डीएसपी हरोली अनिल मेहता द्वारा एक व्याख्यान महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिया गया। उन्होंने इस अवसर पर नशे से होने वाले दूर दुष्प्रभावों से अवगत कराया और उन्होंने इससे बचने के उपाय बताये। उन्होंने साइबर क्र इम को एक जघन्य अपराध बताते हुए इसके दुष्प्रभाव से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमन कुमार शर्मा ने भी विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वह भविष्य में इस तरह के अपराधों से बचें। थाना प्रभारी अम्ब गौरव भारद्वाज ने 112 एप के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ नितिन कुमार शर्मा, डॉ सुरु चि, डॉ सुजाता, डॉ रेखा गुप्ता, डा. बिंदिया, प्रो. लखबीर सिंह सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

112. Lecture on Cybercrime and Drug abuse dated 11.09.2019

# महाविद्यालय ने मनाया सीएससीए शपथ ग्रहण समारोह

अम्ब, 25 सितंबर (राम प्रकाश): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को सीएससीए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने की। प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र संघ के प्रतिनिधि प्रशासन एवं विद्यार्थियों के मध्य एक महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाते हैं और विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाकर उस कार्य के समाधान में भी अपना सहयोग देते हैं। महाविद्यालय के एम कॉम तृतीय सत्र के चयनित छात्र सचिन सागर ने प्रधान पद के लिए शपथ ग्रहण की, जबकि एमए अंग्रेजी तृतीय सत्र की छात्रा पूनम देवी ने उपप्रधान, बीए पांचवे सत्र की छात्रा शालिनी देवी महासचिव व बीएससी प्रथम की छात्रा पिंकी ने संयुक्त सचिव पद के लिए शपथ ग्रहण की। इसके अतिरिक्त सीएससीए के चयनित कक्षा प्रतिनिधियों को सोसायटी कल्चर लाइब्रेरी सोसायटी, स्पोर्ट्स सोसायटी, एनसीसी, एनएसएस सोसाइटी व संपादकीय सोसाइटी के सदस्य को शपथ ग्रहण करवाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



अध्यापकों सहित विद्यार्थी सामूहिक चित्र में।

समाचार पत्र सं. दैनिक सवेरा
दिनांक सं. 26/9/19

Principal
MPG C
Amb D.

113. Oath Taking ceremony of CSCA dated 25.09.2019



## अम्ब कॉलेज में स्वयं सेवकों को पोषण अभियान बारे किया जागरूक

अम्ब कॉलेज में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों व स्वयंसेवियों का जागरूक करते हुए।

अम्ब (राम प्रकाश): राजकीय महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एनएसएस इकाई के द्वारा ग्रामहिला एवं बाल कल्याण-विभाग से आए जिला कार्यक्रम अधिकारी सतनाम सिंह ने स्वयंसेवकों को पोषण अभियान के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम मुख्य अतिथि चिन्तपूर्णी विधायक बलबीर चौधरी के स्वागत के साथ शुरू हुआ। महाविद्यालय के प्रो. श्याम कालिया एनएसएस प्रभारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मुख्यातिथि को टोपी व शॉल देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि व कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को पोषण माह के बारे में अवगत करवाया व कुपोषण से बचने के उपाय बताए। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने स्वयंसेवकों पोषण अभियान से अवगत करवाया। इस अवसर पर एवस सर्विसमैन श्याम मिन्हास, राजकुमार अंगिरा, प्रो. दर्शन धीमान व डा. सुनील दत्त शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## एनएसएस स्वयंसेवियों ने संवारा कॉलेज परिसर

कॉलेज परिसर की सफाई करने के उपरांत स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में।

अम्ब (राम प्रकाश): राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा बुधवार को प्राचार्य डा. रमन कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज परिसर विशेषकर एनएसएस रूम की सफाई की गई व साथ ही कैंप से प्लास्टिक के सामान को एकत्रित किया गया। वहीं विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया। कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक के सामान को उपयोग न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. श्याम कालिया व अन्य स्टाफ सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## अंब कालेज में पोषण अभियान पर सजा कार्यक्रम

अंब। राजकीय महाविद्यालय अंब में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एनएसएस इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सतनाम सिंह ने स्वयंसेवियों को पोषण अभियान के बारे जागरूक किया। इस अवसर पर श्याम मिन्हास, राज कुमार, प्रो. दर्शन धीमान, डा. सुनील दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

114. Awareness on Poshan Mission and Cleanliness drive dated 25.09.2019



ऑल इंडिया थल सैनिक कैम्प दिल्ली में अम्ब के दो कैडेट्स का चयन

प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा के साथ एनसीसी कैडेट।

अम्ब, 30 सितंबर (राम प्रकाश) ऑल इंडिया थल सैनिक कैम्प दिल्ली में पूरे हिमाचल प्रदेश राज्य में से सात एनसीसी कैडेट में से राजकीय महाविद्यालय अम्ब के दो कैडेट्स अमन सोखला और शिल्पा कुमारी का चयन हुआ है। एनसीसी कैडेट अमन सोखला ने जेडी एवएस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता और शिल्पा कुमारी ने कांस्य पदक हासिल कर अम्ब क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इससे पूरे जिलावासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने उनका शानदार स्वागत किया और प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने केक काटकर उनको बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए उनको प्रोत्साहित किया।

महाराणा प्रताप कालेज में राष्ट्रपिता को सलाम

115. Welcoming Ceremony of NCC cadets selected in All India Thal Sainik Camp (AITSC) dated 30.09.2019



# स्वच्छता रैली से लोगों को किया जागरूक

## ज्वार स्कूल के विद्यार्थियों को दिलाई शपथ


अमर उजाला ब्यूरो

अंब (ऊना)। गांधी जयंती के मौके पर महाराणा प्रताप कॉलेज अंब में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रमन कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छता दिवस मनाया।

इस अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रो. दर्शन धीमान, प्रो. सोफिया, प्रो. सीमा, प्रो. रेखा, प्रो. अमित, प्रो.

Principal
MPG Deg
Amb Dist

116. Cleanliness drive dated 02.10.2019



## घरेलू हिंसा पर किया जागरूक

अंब। रूसा एक्टिविटी पहल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को महाराणा प्रताप कालेज अंब में घरेलू हिंसा पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि बार एसोसिएशन अंब के सदस्य अधिवक्ता दिनेश कुमार ने शिरकत की। उन्होंने इस मौके पर घरेलू हिंसा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। उधर, कालेज के प्राचार्य डाक्टर रमन शर्मा ने इस मौके पर कहा की जिंदगी की भाग-दौड़ में तनाव को बढ़ाने के बजाए इसे कम करने की कोशिश होनी चाहिए।

## घरेलू हिंसा पर दिया व्याख्यान

अम्ब, 4 अक्तूबर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में रूसा इक्विटी पहल के तहत घरेलू हिंसा पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। शुक्रवार को अम्ब कालेज के सभागार में आयोजित शिविर में बार काउंसिल अम्ब के सदस्य एडवोकेट दिनेश कुमार ने लड़कियों को इस विषय पर जानकारी दी। घरेलू हिंसा विषय पर परस्पर संवादात्मक सत्र था। शिविर में प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे। इस मौके पर स्टाफ के अभी सदस्य उपस्थित थे।

117. Lecture against Domestic violence dated 04.10.2019

# महाविद्यालय अम्ब में करवाई प्रतियोगिताएं



महाविद्यालय अम्ब में विजेता विद्यार्थी व अन्य सामूहिक चित्र में।

अम्ब, 19 अक्तूबर (राम प्रकाश): शनिवार को राजकीय [illegible]विद्यालय में प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण' के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एनसीसी व एनएसएस के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया।शी ने प्रथम, रितिकक्षा बीए द्वितीय वर्ष ने दूसरा व शुभम बीएससी द्वितीय वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं स्लोगन राइटिंग में अलीशा परमार बीएससी फर्स्ट ने प्रथम, कृतिका रेहाल बीएससी द्वितीय वर्ष ने द्वितीय व प्रतीक्षा बीएससी द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को आपदा से निपटने के उपाय बताएं और विजेताओं को बधाई दी। इस अवसर पर निर्णायक की भूमिका डा. सोफिया प्रभाकर व डा. सीमा में निभाई। इस मौके पर प्रो. अनीता, प्रो. श्याम कालिया व प्रो. प्रीति सहित अन्य उपस्थित रहे।


118. Competitions on Disaster Risk Management dated 19.10.2019



# अंब में बच्चों ने खाई कृमि नाशक दवाई

अंब। राजकीय महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत एनएसएस स्वयंसेवियों व अन्य विद्यार्थियों को कृमि नाशक दवाई खिलाई गई। प्राचार्य डा. रमन कुमार शार्म ने बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव के उपाय व साथ ही कुपोषण और खून की कमी से होने वाले रोगों बारे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, प्रो. प्रीति सहित अन्य उपस्थित रहे।

119. Distribution of medicines on National Deworming Day dated 01.11.2019



समाचार पत्र :- पंजाब केसरी
दिनांक 3/11/19

## अम्ब कॉलेज में छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

अम्ब, 2 नवम्बर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में रूसा गतिविधियों के अंतर्गत छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। शिविर में प्रशिक्षक आर.पी. डोगरा फॉर्थ डैन ब्लैक बैल्ट और प्रशिक्षक विनय कुमार शोधन ब्लैक बैलेट छात्राओं को 15 दिन का प्रशिक्षण देंगे। इस मौके पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने कहा कि वर्तमान में ये छात्राओं के लिए बेहद जरूरी है और भविष्य में भी कालेज द्वारा इस प्रकार के आयोजन किए जाते रहेंगे। इस मौके पर डा. सुरुचि शर्मा, डा. नितिन शर्मा, प्रो. लखवीर सैनी, डा. सुजाता व डा. शिल्पा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षक आरपी डोगरा फोर्थ डैन ब्लैक बैल्ट और प्रशिक्षक विनय कुमार शोधन ब्लैक बैल्ट छात्राओं को जुडो कराटे की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

समाचार पत्र :- अमर उजाला
दिनांक 3/11/19

Principal
MPG De[illegible] Co[illegible]ge
Amb Distt. Una (H.P.)

120. Self defense classes for girls (15 days) dated 02.11.2019 to 17.11.2019

# शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान



महाविद्यालय अम्ब मे पौधा रोपण करते हुए प्राचार्य व उपस्थित अन्य।

अम्ब (राम प्रकाश): राजकीय महाविद्यालय अम्ब की एनएसएस इकाई द्वारा प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा की अध्यक्षता मे एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज परिसर की सफाई के साथ-साथ पौधारोपण का कार्य भी किया गया। इस अवसर पर प्रो. दर्शन, प्रो. नीतिन, एनएसएस प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, प्रो. प्रीति व अन्य स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

समाचार पत्र :) दैनिक सवेरा

दिनांक 3/11/19

Principal
MPG Deg.ee College
Distt. (H.P)

121. Cleanliness and Plantation Drive dated 02.11.2019



# अम्ब कालेज के 8 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

अम्ब, 4 नवम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के 8 विद्यार्थियों का लर्निंग प्लस-प्लस कंपनी में चयन हुआ है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सोमवार को उन्हें जॉब ऑफर लैटर वितरित किए।

इसके साथ ही अम्ब कालेज का उक्त कम्पनी के साथ एम.ओ.यू. भी साइन हुआ है, जिसके तहत भविष्य में कालेज के छात्रों की प्लेसमैंट को बढ़ाने के लिए उन्हें विभिन्न व्यवसायों बारे जागरूक करने के साथ-साथ अन्य कई गतिविधियां करवाई जाएंगी। इस मौके पर लर्निंग कम्पनी की प्रतिनिधि नीतिका शर्मा, प्रो. दर्शना धीमान, प्रो. सोफिया व प्रो. अनिल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

*अम्ब : अम्ब कालेज में एक कम्पनी के जॉब ऑफर लैटर हासिल करने के बाद विद्यार्थी कालेज प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में।* (अश्विनी)

122. Appointment letters to students from Learning++ dated 04.11.2019



अंब कॉलेज में कॅरियर गाइडेंस शिविर के मौके पर स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी। अमर उजाला

# विद्यार्थियों को दी कॅरियर गाइडेंस की जानकारी

अंब(ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में कॅरियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मोटिवेशन स्पीकर गिरीष आनंद ने विद्यार्थियों को कहा कि किसी भी लक्ष्य को निर्धारित करने के बाद उसे हासिल करने के लिए परिश्रम की आवश्यकता होती है। हमें जीवन में आई कैन डू इट के सिद्धांत पर काम करना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए अपना लक्ष्य स्पष्ट रखें और उसे हासिल करने के लिए अनथक परिश्रम करें। आज वक्त कंपीटीशन का है, इसलिए किसी भी काम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। जीत उसकी ही होती है जो अपने लक्ष्य को हासिल करने के प्रति समर्पित होता है। ब्यूरो

123. One day workshop on career counselling dated 05.11.2019

## महाविद्यालय अम्ब में एक दिवसीय कार्यशाला में बच्चों को किया जागरूक

अम्ब, 07 नवम्बर (राम प्रकाश): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में गुरुवार को रूसा गतिविधियों के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह पर्यावरण प्रदूषण पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उसके उपरांत सीनियर सिविल जज कम चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट धीरू ठाकुर ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने भी छात्रों की हौसला अफजाई की और कहा कि छात्रों को अपने लक्ष्य को पाने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए और समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता में पल्लवी को प्रथम, प्राची को दूसरा और सुप्रिया को तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रोजी दहिया ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास, डा. सोफिया, डा. सुरुचि, डा. नितिन शर्मा, डा. सतिन्द, प्रो. अमित शर्मा, प्रो. शिल्पा व डॉ. श्रुति सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पोस्टर मेकिंग में अव्वल रहे विद्यार्थी सम्मानित

अम्ब, 7 नवम्बर (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में रूसा गतिविधियों के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रदूषण पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस मौके पर ए.सी.जे.एम. अम्ब कोर्ट नम्बर-1 धीरू ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाली पल्लवी, प्राची व सुप्रिया को मुख्यातिथि ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सिविल जज रोजी दहिया, डा. सोफिया, डा. सुरुचि, डा. नितिन शर्मा, डा. सतिन्द, डा. अमित शर्मा, प्रो. शिल्पा, व डा. श्रुति आदि उपस्थित थे।

दिनांक 8/11/19

दिनांक 8/11/19

124. One day workshop on Environment Pollution dated 07.11.2019

125.



समाचार पत्र ः दैनिक सवेरा
दिनांक ः 14/11/19

## विद्यार्थियों व अध्यापकों ने किया रक्तदान

महाविद्यालय अम्ब में रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए छात्र व अध्यापक।

अम्ब, 13 नवम्बर (राम प्रकाश): राजकीय महाविद्यालय अम्ब की एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक अम्ब के सहयोग से रक्तदान शिविर भी लगाया गया। इस शिविर की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डा. रमन कुमार शर्मा ने की। प्राचार्य ने स्वयंसेवियों को रक्तदान महत्व के बारे में बताया व साथ ही छात्र-छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर लगभग 30 के करीब छात्र-छात्राओं व अध्यापकों ने रक्तदान किया। एचडीएफसी बैंक से आए अधिकारी अरूण अग्निहोत्री व संजीव कुमार ने प्राचार्य महोदय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा डा. नितिन शर्मा की देखरेख में विभिन्न प्रकार के गुलाब के पौधों का पौधा रोपण भी किया गया व साथ ही कॉलेज परिसर की सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर शिविर में चिकित्सा अधिकारी दिनेश चन्द, एनएसएस प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, प्रो. प्रीति व एनसीसी अधिकारी प्रो. शिल्पा कोचर सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## अम्ब कालेज में लगाए कैम्प में 30 यूनिट रक्त किया एकत्रित

अम्ब, 13 नवम्बर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में गठित एन.एस.एस. इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को एच.डी.एफ.सी. बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इससे पहले आयोजित कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया और रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एच.डी.एफ.सी. बैंक की तरफ से आए हुए अधिकारी अरुण अग्निहोत्री व संजीव कुमार को प्राचार्य ने स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने कालेज परिसर में डा. नितिन शर्मा की देखरेख में विभिन्न प्रकार के गुलाब के पौधे लगाए। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश चंद, एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, प्रो. प्रीति व एन.सी.सी. अधिकारी प्रो. शिल्पा कोचर सहित स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

समाचार पत्र ः पंजाब
दिनांक ः 14/11/19

125. Blood donation camp dated 13.11.2019

# स्वयंसेवियों ने नशा जागरूकता रैली निकाली



अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब के एनएसएस स्वयंसेवियों ने अंब बाजार में नशा निवारण पर जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. प्रीति, प्रो. श्याम कालिया, प्रो. रेखा मौजूद रहे।

126. Awareness Rally on Drug Abuse dated 18.11.2019

26

# नशे के खिलाफ अंब में निकाली जागरूकता रैली

**जन मंच पूर्व गतिविधियों के तहत अंब खंड में सरकारी योजनाओं से जागरूक हो रहे लोग**

ऊना, 28 अगस्त (राजन) : चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत अंब में दो सितम्बर को होने वाले जन मंच से पूर्व विभिन्न विभागों द्वारा लगातार जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसडीएम अंब की अगुवाई में विभिन्न विभागों, कॉलेज, स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों के सामूहिक प्रयासों से नशे के खिलाफ व्यापक जन जागरूकता लाने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया गया। एसडीएम अंब सुनील वर्मा ने बताया कि जन मंच पूर्व गतिविधियों के तहत चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में लोगों को जनमंच को लेकर जागरूक किया जा रहा है तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए जागरूकता शिविर तथा पात्र लोगों को योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनमंच को लेकर चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की 12 पंचायतों जिनमें अंब टिल्ला, सपोरी, राजपुर जसवां, ज्वार, पोलियां पुरोहितां, रिपोह मिसरां, त्याई, जवेहड़, सूरी, चुआर, अप्पर लोहारा तथा लोअर लोहारा शामिल हैं, को विशेष तौर पर चिन्हित कर जहां ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तो वहीं पात्र लोगों को योजनाओं के तहत जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा प्रचार वाहन के माध्यम से भी लोगों को जन मंच की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जन मंच का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का बेहतर व समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित बनाना है।

जन मंच के माध्यम से विभिन्न तरह के प्रमाणपत्र जिनमें हिमाचली, एससी/एसटी, आय प्रमाणपत्र, राजस्व रिकार्ड जैसे मुसावी इत्यादि, सामाजिक सुरक्षा पैंशन, कानूनी सहायता, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण, राशन कार्डों का नवीनीकरण, महिला एवं युवक मंडलों का पंजीकरण सहित अन्य तरह के मामले रखे जा सकेंगे।

उन्होंने आम जन से यह भी आहवान किया है कि वह अपनी समस्याओं को संबंधित विभागों को प्रस्तुत कर सकते हैं तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। इसके अलावा जो समस्याएं रह जाएंगी उनका जन मंच के दौरान निवारण किया जाएगा।




अंब महाविद्यालय में रैली निकालकर लोगों को जागरूक करते छात्र-छात्राएं व उपस्थित अन्य।

127. Competition on Drug De- Addiction 13.12.2019

# भाषण प्रतियोगिता में अनुपमा प्रथम

## अम्ब कालेज में स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव समारोह मनाया

अम्ब, 16 दिसम्बर (अश्विनी): ाजकीय महाविद्यालय अम्ब में स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव समारोह मनाया गया। सोमवार को कालेज में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद को वेदांत और आध्यात्मिकता का गुरु बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में भारत की संस्कृति का परचम लहराया और वह युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत रहे। कार्यक्रम में करवाई गई भाषण प्रतियोगिता में अनुपमा ने प्रथम, निशा के दूसरा और आरती ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर डा. सुजाता, डा. सोफिया, प्रो. रेखा, डा. सतिन्द्र, डा. नितिन, प्रो. लखवीर सैनी, डा. सुरुचि और प्रो. शिल्पा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



*अम्ब : अम्ब कालेज में मनाए गए स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव के दौरान भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी प्राचार्य व स्टाफ के साथ सामूहिक चित्र में।* (अश्विनी)

128. Programme on birth anniversary of Swami Vivekananda dated 16.12.2019

# अंब कालेज में भाषण प्रतियोगिता कल

स्टाफ रिपोर्टर–अंब



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व विवेकानंद ट्रस्ट द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता स्कूल स्तर का आयोजन महाराणा प्रताप डिग्री कालेज अंब में 24 दिसंबर को होगा। जिला संयोजक गौरव ने कहा कि यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है जिसे विद्यार्थी परिषद व पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार द्वारा संचालित विवेकानंद ट्रस्ट द्वारा करवाया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 18 उपकेंद्रों पर करवाई जा रही है। प्रतियोगिता दो स्तर स्कूल स्तर व महाविद्यालय स्तर पर आयोजित की जा रही है। प्रत्येक स्तर पर प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्तर पर आने वाले छात्रों को 11000, 7100, 5100 रुपए दिए जाएंगे वहीं, प्रथम द्वितीय व तृतीय पर रहने वाले छात्रों का चयन प्रदेश स्तर पर किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्तर पर रहने वाले छात्रों को 51000, 31000 व 21000 रुपए और कई सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। यह प्रतियोगिता 11 व 12 जनवरी को पालमपुर में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के 44 लाख के पुरस्कार दिए जाएंगे। यह प्रतियोगिता हिमाचल के इतिहास की सबसे बड़ी भाषण प्रतियोगिता है।

129. Declamation contest on Swami Vivekananda dated 24.12.2019

# स्वयंसेवियों ने निकाली जागरूकता रैली





अम्ब/जोल : अम्ब कालेज में आयोजित एन.एस.एस. शिविर के दौरान स्वामी पिंडी दास जी महाराज आश्रम के निकट श्रमदान करने के बाद एन.एस.एस. स्वयंसेवी प्रोग्राम अधिकारी के साथ संयुक्त चित्र में व (दाएं) दियाड़ा स्कूल में एन.एस.एस. स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में।

अम्ब, 23 दिसम्बर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में आयोजित एन.एस.एस. शिविर के तीसरे दिन सोमवार को स्वयंसेवियों ने स्वामी पिंडी दास जी महाराज आश्रम के आसपास साफ-सफाई की। इस दौरान स्वयंसेवियों ने श्रमदान के साथ-साथ क्षेत्र में जागरूकता रैली भी निकाली और लोगों को स्वच्छता अपनाने और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. श्याम कालिया व प्रो. रेखा गुप्ता उपस्थित रहे।

समाचार पत्र : पंजाब केसरी
दिनांक : 24/12/19

130. Seven-day NSS Camp dated 21.12.2019 to 26.12.2019



## स्वयंसेवियों ने की बाबा पिंडीदास आश्रम में सफाई

अंब(ऊना)। राजकीय महाविद्यालय अंब में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने बाबा पिंडीदास आश्रम में सफाई अभियान चलाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने आश्रम का भ्रमण किया और आश्रम परिसर एवं आसपास साफ की सफाई की। शिविर में दोपहर के सत्र में एएसआई रविंद्र कुमार ने स्वयंसेवियों को यातायात नियमों से अवगत करवाया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. रेखा गुप्ता और प्रो. श्याम कालिया मौजूद थे।

समाचार पत्र - अमर उजाला

दिनांक 24/12/19

समाचार पत्र : दैनिक सवेरा

दिनांक 24/12/19

## स्वयंसेवियों ने संवारा बाबा पिंडी दास आश्रम

श्रमदान करने के उपरांत स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में।

अम्ब (राम प्रकाश): सोमवार को महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन के सत्र मे स्वयसेवियो ने बाबा पिंडी दास आश्रम का भ्रमण किया व साथ ही स्वयसेवियों द्वारा आश्रम परिसर की सफाई का कार्य भी किया गया। दोपहर के सत्र मे आए एएसआई रविन्द्र कुमार द्वारा स्वयसेवियो को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, डा. रेखा गुप्ता व स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

131. Cleanliness Drive dated 23.12.2019

# अंब कालेज में छात्रों को बताए यातायात नियम



अंब। राजकीय महाविद्यालय अंब में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तहत स्वयंसेवियों ने पिंडी दास महाराज परिसर की साफ-सफाई की। इसके उपरांत एएसआई रविंद्र कुमार ने स्वयंसेवियों को ट्रैफिक रुल्स बारे जागरूक किया।

132. Cleanliness Drive and Rally on traffic rule dated 23.12.2019

# नारायण और रमा बन बेस्ट एथलीट

**अंब (ऊना)।** राजकीय महाविद्यालय अंब में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नारायण और रमा देवी ने बेस्ट एथलीट का खिताब मिला। प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सेवानिवृत्त प्रवक्ता डॉ. सुनील दत्त शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। डॉ. सुनील दत्त शर्मा ने कहा कि खेलों का विद्यार्थी जीवन में विशेष महत्व है। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ब्यूरो

133. Annual Athletic Meet dated 24.12.2019

# प्रवासियों को किया स्वच्छता के लिए प्रेरित



अम्ब : डी.एस.पी. अम्ब मनोज जम्वाल को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी। (अश्विनी)

अम्ब, 26 दिसम्बर (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में एन.एस.एस. के 7 दिवसीय शिविर के 6ठे दिन स्वयंसेवियों ने झुग्गी-झोंपड़ियों का भ्रमण कर वहां पर रहने वाले प्रवासी लोगों व उनके बच्चों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। दोपहर के सत्र में उपस्थित हुए डी.एस.पी. अम्ब मनोज जम्वाल ने नारकोटिक्स विषय पर जानकारी दी जबकि शाम के सत्र में नागरिक अस्पताल अम्ब से खंड स्वास्थ्य शिक्षक राजेश शर्मा व खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विजय शर्मा ने स्वयंसेवियों को टी.बी. विषय पर जागरूक किया। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डा. रमन शर्मा, प्रो. दर्शन धीमान, प्रो. सोफिया, एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, डा. रेखा गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।

134. Cleanliness Drive dated 26.12.2019

# अम्ब कालज म किया एड्स पर जागरूक

अम्ब, 26 दिसम्बर (अश्विनी) : राजकीय महाविद्यालय अम्ब में विश्व एड्स अभियान के अंतर्गत एड्स रोकथाम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीरवार को कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि एच.आई.वी. से निपटने के लिए प्रदेश सरकार हमेशा प्रयासरत है। 2020 तक 90 फीसदी एच.आई.वी. से ग्रसित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें उपचार सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एड्स से ग्रसित लोगों के प्रति प्रेमभाव एवं सहयोग की भावना अपनानी चाहिए, इस अवसर पर कालेज छात्रों ने एड्स के प्रति जागरूकता रैली भी निकाली। इसके इलावा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। वहीं आयोजित आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एड्स की रोकथाम के नए-नए सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रो. दर्शन धीमान, डा. नितिन कुमार शर्मा सहित स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

135. Special Program on Prevention of AIDS under World AIDS Mission dated 26.12.2019



सना।

**अम्ब( रजनी ):** एन.एस.एस. के 7 दिवसीय शिविर के समापन समारोह के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय अम्ब के प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने एन.एस.एस. के प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, डाक्टर रेखा गुप्ता और सदस्यों की इसके सफल आयोजन के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे युवा वर्ग का सही मार्गदर्शन हो तो समाज अवश्य उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। इस अवसर पर एन.एस.एस. स्वयंसेवियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्रो. दर्शन, डा. सोफिया व स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

*अम्ब : अम्ब कालेज में एन.एस.एस. शिविर के समापन समारोह पर प्राचार्य डा. रमन शर्मा को सम्मानित करते एन.एस.एस. प्रभारी।* (रजनी)

136. Closing ceremony of NSS Seven day Camp dated 27.12.2019

# महाविद्यालय अम्ब में स्टूडेंट्स ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि



महाविद्यालय अम्ब में मौन रखकर श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए स्टूडेंट्स।

अम्ब, (राम प्रकाश): शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अंब ने महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में पिछले साल 14 फरवरी को पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला संयोजक गौरव ने विद्यार्थियों को बताया कि हमें शहीदों के बलिदान को कभी भूलना नहीं चाहिए, क्योंकि आज अगर हम लोग अपने घरों में सुरक्षित हैं तो वह उन्हीं के कारण संभव है। विद्यार्थी परिषद ने शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की व 2 मिनट का मौन रखा। इस मौके पर इकाई अध्यक्ष अंब व जिला संयोजक ऊना गौरव, इकाई मंत्री पलक, तहसील संयोजक सचिन, इकाई उपाध्यक्ष गौरव, लखन, समीर व महाविद्यालय के सभी अध्यापक छात्र शक्ति उपस्थित रहे।

137. Tribute to Martyrs of Pulwama Attack dated 14.02.2020

# अम्ब कालेज में करवाई विभिन्न प्रतियोगिताएं

अम्ब, 19 फरवरी (अश्विनी): महाराणा प्रताप कालेज अम्ब में बुधवार को केंद्रीय छात्र संघ समारोह अंतर विभागीय प्रतियोगिता के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे कालेज प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। प्राचार्य डा. रमन ने कहा कि कालेज का उद्देश्य महज विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करना ही नहीं बल्कि उनका सर्वांगीण विकास करना है। इसके लिए ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन नितांत आवश्यक है। समारोह में कालेज के चारों संकायों कला, वाणिज्य, विज्ञान और व्यवसायोन्मुखी विभाग के प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं एकल गान, एकल नृत्य, समूहगान, समूह नृत्य माइम व स्किट में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में प्रो. अनिल वर्मा, डा. सुनील दत्त शर्मा व डा. प्रभाकर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। एकल गायन प्रतियोगिता में कला संकाय, एकल नृत्य में कला संकाय, समूहगान में विज्ञान संकाय, स्किट में विज्ञान संकाय, नाटक में साइंस विभाग व समूह नृत्य में वाणिज्य विभाग के प्रतिभागी प्रथम स्थान पर रहे।




अम्ब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में केंद्रीय छात्र संघ के समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती कालेज की छात्राएं। (छवि)

138. CSCA Function dated 19.02.2020

# अम्ब महाविद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## राजकीय महाविद्यालय अम्ब में किया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

अम्ब, 24 फरवरी (राम प्रकाश) : राजकीय महाविद्यालय अम्ब में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक बलबीर सिंह चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। प्राचार्य रमन शर्मा ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। प्राचार्य ने महाविद्यालय के प्रत्येक क्षेत्र में हो रहे सर्वांगीण विकास की जानकारी दी। मुख्यातिथि ने खेल प्रतियोगिताओं में, शिक्षा के और युवा-उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। विधायक बलबीर सिंह चौधरी ने बच्चों को बताया कि दुनिया में जिस व्यक्ति ने बड़े से बड़ा या उच्च से उच्च महानतम पद प्राप्त किया है उसकी शिक्षा-दीक्षा, उसके गुरु व उसके माता-पिता ही इस सफलता का कारण है। जिन्होंने अच्छी शिक्षा व ढेर सारा प्यार देकर आपको इस योग्य बनाया है। जो बच्चे इस साल महाविद्यालय से अपनी पढ़ाई कर निकलेंगे उनको कहा अपना मनोबल (आत्मविश्वास) को मजबूत बनाना होगा क्योंकि जब हम कहीं इंटरव्यू देने जाते हैं तो वहां पर आपका मनोबल काम आता है।



महाविद्यालय अम्ब में मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के उपरांत मुख्यातिथि बलवीर चौधरी व उपस्थित अन्य।

**इन होनहार बच्चों को मिले पुरस्कार**

हि.प्र. वि.वि. की अन्तर्महाविद्यालय रैसलिंग में विक्रमजीत ने स्वर्ण पदक, गुरविन्द चौधरी और अनिमेष चौधरी कांस्य पदक, जूडो चैंपियनशिप में अंकित राणा ने कांस्य पदक, दौड़ प्रतियोगिता में बादल चौधरी ने रजत पदक, दौड़ प्रतियोगिता (महिलाओं) में ज्योति वाला कांस्य पदक, दौड़ प्रतियोगिता में छात्रों ने ट्राफी प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। युवा उत्सव में [illegible] कुमार ने [illegible] में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। [illegible] ने [illegible] इंग्लिश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, चिंतपूर्णी महामंत्री जगदेव खड्डा, बीडीसी मेम्बर शम्भु गोस्वामी, चिंतपूर्णी महामंत्री महेश मेहता, बीजेपी उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, नर्मदा जसवाल महिला मोर्चा, कंचन राणा[illegible], राज कुमार डोगरा जिला उपाध्यक्ष, चिंतपूर्णी ओबीसी अध्यक्ष [illegible] लाल, मनमोहन युवा मोर्चा जिला सचिव, सुरेश मिन्हास, बीडीसी मेम्बर, उषा डोगरा, जोगिन्द्र पाल राणा [illegible], [illegible] महाविद्यालय के प्राचार्य डा. [illegible] चन्द, खड्ड महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजेन्द्र, [illegible] के कार्यवाहक प्राचार्य [illegible], पूर्व प्राचार्य राज कुमार [illegible], डा. [illegible] दत्त शर्मा, डा. [illegible] समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

139. Annual Prize Distribution Function dated 24.02.2020



# भाषण प्रतियोगिता में महक प्रथम

समाचार पत्र का नाम पंजाब केसरी
दिनांक 14/3/2020

अम्ब/हरोली : अम्ब कालेज में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर करवाई गई प्रतियोगिताओं के दौरान अव्वल रहे प्रतिभागी कालेज प्राचार्य के साथ सामूहिक चित्र में व (दाएं) हिमक्रैस्ट में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि कमांडेंट साक्षी वर्मा व चेयरमैन देसराज राणा सहित अन्य सदस्य।

## पोस्टर मेकिंग में प्रियंका हीर प्रथम

अम्ब (अश्विनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब की एन.एस.एस. इकाई द्वारा महिला दिवस का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्लोगन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित नतीजों में पोस्टर मेकिंग में प्रियंका हीर ने पहला, प्रियांशी ने दूसरा व साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्लोगन राइटिंग में कृतिका ने पहला, रिया ने दूसरा व गौरव ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के बाद प्राचार्य डा. रमन शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर एन.एस.एस. स्वयंसेवियों द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. श्याम कालिया व प्रो. रेखा गुप्ता उपस्थित रहे।

## पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में प्रियंका हीर अव्वल

अम्ब : महाराणा प्रताप कॉलेज अम्ब में एनएसएस इकाई द्वारा महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसके तहत स्लोगन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। पोस्टर मेकिंग में प्रियंका हीर ने पहला, प्रियांशी ने दूसरा व साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। नारा लेखन में कृतिका ने प्रथम, रिया ने दूसरा व गौरव ने तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। महिला दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा रैली निकाली गई। अंब

Principal
MPG Degree College
Amb Distt. Una (H.P.)

140. Celebration of International Women's Day dated 08.03.2020



## अम्ब महाविद्यालय में नए विद्यार्थियों का स्वागत

अम्ब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए महाविद्यालय प्रशासन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य अलका शर्मा ने विद्यार्थियों का नए सत्र में स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। महाविद्यालय के विभिन्न संकायों व सुविधाओं की जानकारी दी। कहा विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान दें। लक्ष्य निर्धारित कर कड़ा परिश्रम करें। इसके साथ ही महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों में भी भाग लें। प्रशासन विद्यार्थियों की हरसंभव मदद के लिए तैयार है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और लक्ष्य हासिल निर्धारित कर आगे बढ़ें। इस अवसर पर बीए, बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों सहित स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे। संवाद सहयोगी

141. Induction Program for 1st year students dated 03.07.2018



अम्ब : कालेज परिसर में एन.एस.एस. द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पौधे लगाने से पहले एन.एस.एस. वालंटियर प्रिंसीपल व स्टाफ के साथ सामूहिक चित्र में।

142. Plantation Drive dated 17.07.2018



# प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ किया जागरूक

संवाद सहयोगी, अम्ब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में शुक्रवार को ईको क्लब की ओर से प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य अलका शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि हमें प्लास्टिक प्रदूषण की पूर्णत समाप्ति कर देनी चाहिए। प्लास्टिक प्रदूषण एक जहर के समान है और यह हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नितिन कुमार शर्मा सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

143. Awareness program on plastic pollution dated 19.07.2018



## सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करें : विकास

अम्ब, 23 जुलाई (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में घरेलू हिंसा व दहेज एक कुप्रथा पर अभिभाषण का आयोजन किया गया। सोमवार को कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता विकास कश्यप ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत कर संबंधित एक्ट बारे बताया। इस मौके पर प्राचार्य अलका शर्मा ने छात्रों को सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

अम्ब : अम्ब कालेज में घरेलू हिंसा व दहेज एक कुप्रथा पर आयोजित अभिभाषण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टाफ सदस्य, अधिवक्ता व छात्र। (अश्विनी)

144. Lecture on Domestic violence and Dowry dated 23.07.2018



# रंगोली में शालिनी, मेहंदी प्रतियोगिता में अंजलि व एकता को पहला स्थान

अम्ब कॉलेज में प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया ● जागरण

संवाद सहयोगी, अम्ब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में बुधवार को रूसा कार्यक्रम के तहत मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। रंगोली में बीएस तीसरे सेमेस्टर की शालिनी प्रथम, बीकॉम चौथे सेमेस्टर की मनीषा दूसरे, बीएससी तीसरे सेमेस्टर की वैशाली तीसरे और बीए चौथे सेमेस्टर की शीतल को सांत्वना पुरस्कार मिला। मेहंदी प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की अंजलि और एकता प्रथम, बीए चौथे सेमेस्टर की रेखा और बीएस प्रथम सेमेस्टर की प्रिय दूसरे, बीएस तीसरे सेमेस्टर की वंदना और तमन्ना को तीसरा स्थान मिला। बीकॉम पांचवें सेमेस्टर की नजमा और नाजिया बेगम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे एसडीएम मनोज जम्वाल ने विद्यार्थियों के साथ साइबर क्राइम विषय पर विचार सांझा किए। वहीं मुख्य आरक्षी फरोज अख्तर ने यातायात नियमों व नशा निवारण विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्य अलका शर्मा ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी, ताकि हम सभी समाज को नशा मुक्त बनाने का दृढ संकल्प पूरा कर सकें। इस अवसर पर एनसीसी कैंप में उत्कृष्ट करने वाली छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

145. Mehndi and Rangoli Competition dated 25.07.2018




अम्ब (अश्वनी): राजकीय महाविद्यालय अम्ब में 01 से 15 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत स्वयंसेवियों द्वारा कॉलेज प्रांगण की साफ-सफाई की गई और कॉलेज प्रांगण को प्लास्टिक मुक्त किया गया। इसके साथ स्वयंसेवियों ने क्लीयर इंडिया ग्रीन इंडिया के बैनर तले रैली भी निकाली और रैली अम्ब कॉलेज से शुरू हुई तथा चौक तक से वापिस कॉलेज तक संपन्न हुई। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान, डा. सुनील पाल शर्मा, प्रो. सोफिया प्रभाकर तथा एनएसएस प्रभारी डा. सुरूचि शर्मा व प्रो. श्याम कालिया विशेष रूप से मौजूद रहे।

146. Swachhta Pakhwada dated 01.08.2018 to 15.08.2018

# अम्ब कालेज में निकाली स्वच्छता रैली

अम्ब, 6 अगस्त (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 1 से 15 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष पखवाड़े के तहत छात्रों ने सोमवार को क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया के विषय पर बाजार में जागरूकता रैली निकाली जबकि गत 3 अगस्त को छात्रों ने कालेज प्रांगण की सफाई की थी और कालेज प्रांगण को प्लास्टिक मुक्त किया था। इस मौके पर कार्यकारी प्राचार्य प्रो. दर्शन धीमान, डा. सुनील दत्त शर्मा, प्रो. सोफिया प्रभाकर, एन.एस.एस. प्रभारी डा. सुरुचि शर्मा व प्रो. श्याम कालिया सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

147. Cleanliness rally under clean India Green India dated 03.08.2018



अम्ब (अश्वनी): राजकीय महाविचद्यालय अम्ब में 72वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य अलका शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके समारोह का शुभारंभ किया और उसके उपरांत तिरंगा फहराया।

148. Celebration of 72nd Independence Day dated 16.08.2018

# नशे के खिलाफ अंब में निकाली जागरूकता रैली

## जन मंच पूर्व गतिविधियों के तहत अंब खंड में सरकारी योजनाओं से जागरूक हो रहे लोग




अंब महाविद्यालय में रैली निकालकर लोगों को जागरूक करते छात्र-छात्राएं व उपस्थित अन्य।

ऊना, 28 अगस्त (राजन) : चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत अंब में दो सितम्बर को होने वाले जन मंच से पूर्व विभिन्न विभागों द्वारा लगातार जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसडीएम अंब की अगुवाई में विभिन्न विभागों, कॉलेज, स्कूलों व आंगनवाडी केंद्रों के सामूहिक प्रयासों से नशे के खिलाफ व्यापक जन जागरूकता लाने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया गया। एसडीएम अंब सुनील वर्मा ने बताया कि जन मंच पूर्व गतिविधियों के तहत चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में लोगों को जनमंच को लेकर जागरूक किया जा रहा है तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए जागरूकता शिविर तथा पात्र लोगों को योजनाओं के साथ जोडा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनमंच को लेकर चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की 12 पंचायतों जिनमें अंब टिल्ला, सपोरी, राजपुर जसवां, ज्वार, पोलियां पुरोहितां, रिपोह मिसरां, त्याइं, जवेहड़, सूरी, चुआर, अप्पर लोहारा तथा लोअर लोहारा शामिल हैं, को विशेष तौर पर चिन्हित कर जहां ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तो वहीं पात्र लोगों को योजनाओं के तहत जोडा जा रहा है। इसके अलावा प्रचार वाहन के माध्यम से भी लोगों को जन मंच की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जन मंच का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का बेहतर व समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित बनाना है।

जन मंच के माध्यम से विभिन्न तरह के प्रमाणपत्र जिनमें हिमाचली, एससी/एसटी, आय प्रमाणपत्र, राजस्व रिकार्ड जैसे मुसावी इत्यादि, सामाजिक सुरक्षा पैंशन, कानूनी सहायता, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण, राशन कार्डों का नवीनीकरण, महिला एवं युवक मंडलों का पंजीकरण सहित अन्य तरह के मामले रखे जा सकेंगे।

उन्होंने आम जन से यह भी आहवान किया है कि वह अपनी समस्याओं को संबंधित विभागों को प्रस्तुत कर सकते हैं तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। इसके अलावा जो समस्याएं रह जाएंगी उनका जन मंच के दौरान निवारण किया जाएगा।

149. Awareness rally on drug abuse dated 28.08.2018

# स्वयंसेवियों ने निकाली जागरूकता रैली




जागरूकता रैली के दौरान अम्ब महाविद्यालय के स्वयंसेवी अध्यापकों के साथ • जागरण

**संवाद सहयोगी, अम्ब** : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में शुक्रवार को एनएसएस स्वयंसेवियों ने स्वच्छता सेवा 2018 के तहत प्राचार्य अलका शर्मा की अध्यक्षता में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को घर के आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने संदेश दिया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुरुचि शर्मा व प्रो. श्याम कालिया भी उपस्थित थे।

150. Awareness rally on cleanliness dated 14.09.2018



# सी.एस.सी.ए. प्रतिनिधियों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

## अम्ब कालेज में सी.एस.सी.ए. शपथ समारोह आयोजित

अम्ब, 17 सितम्बर (...):

अम्ब : अम्ब कालेज के छात्र संघ के प्रतिनिधि शपथ ग्रहण समारोह के उपलक्ष्य पर कालेज स्टाफ के साथ सामूहिक चित्र में।

151. Oath taking ceremony of CSCA dated 17.09.2018



# स्वयंसेवियों ने निकाली जागरूकता रैली



जागरूकता रैली के दौरान अम्ब महाविद्यालय के स्वयंसेवी अध्यापकों के साथ ● जागरण

**संवाद सहयोगी, अम्ब** : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में शुक्रवार को एनएसएस स्वयंसेवियों ने स्वच्छता सेवा 2018 के तहत प्राचार्य अलका शर्मा की अध्यक्षता में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को घर के आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने संदेश दिया गया। इस अवसर पर [illegible]सएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुरुचि श[illegible]. श्याम कालिया भी उपस्थित थे।

152. Workshop on cleanliness under Sawachhta Hi Seva Hai dated 22.09.2018

# अम्ब कालेज में 30 यूनिट रक्त किया एकत्रित

अम्ब, 6 दिसम्बर (अश्विनी): एच.डी.एफ.सी. बैंक के सौजन्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वीरवार को संविधान निर्माता डा. बी.आर. अम्बेदकर जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे ए.बी.वी.पी. के जिला संयोजक अमन शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर के दौरान 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर एच.डी.एफ.सी. शाखा अम्ब के प्रबंधक संजीव शर्मा, आप्रेशन मैनेजर अरुण अग्निहोत्री, संजीव कुमार, अंकुश शर्मा, ए.बी.वी.पी. के इकाई मंत्री साहिल शर्मा, तहसील संयोजक नवनीत शर्मा और मीडिया प्रभारी सौरभ शर्मा सहित अन्य कार्यकर्त्ताओं ने रक्तदान किया।




अम्ब : एच.डी.एफ.सी. बैंक के सौजन्य से संविधान निर्माता डा. बी.आर. अम्बेदकर जयंती के उपलक्ष्य पर अम्ब कालेज में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान ब्लड डोनेट करते हुए ए.बी.वी.पी. के कार्यकर्त्ता। (अश्विनी)

समाचार पत्र :- पंजाब केसरी

दिनांक :- 7/12/18

153. Blood Donation Camp on Dr. B.R. Ambedkar Jayanti dated 06.12.2018

.

# एड्स के खिलाफ किया जागरूक



राजकीय महाविद्यालय अम्ब में जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ • जागरण

**अम्ब** : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में मंगलवार को एड्स एवं दवाओं के दुरुपयोग पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या अलका शर्मा ने की। इस मौके पर एनएसएस के स्वयंसेवियों ने नशे पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके साथ ही स्वयंसेवियों ने भूमंडलीय उष्मीकरण पर एक नुक्कड़ नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, इसमें इन्होंने नशे के दुरूपयोग, गलोबल वार्मिंग तथा ई वेस्टिंग पर जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य समेत स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। संस

154. Nukkad Natak on AIDS and Drug abuse dated 11.12.2018


अमर उजाला ऊना-आसपास



अंब कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी और स्कूल स्टाफ। अमर उजाला


155. Annual Athletic Meet dated 14.12.2018

# एनसीसी कैडेट्स को बांटे बी सर्टिफिकेट

अंब। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रावार्या अलका शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने एनसीसी के कैडेट्स को बी सर्टिफिकेट प्रदान किए। विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का अहम महत्त्व है। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। इस दौरान ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉट पुट, चक्का फेंक, जेवलियन थ्रो सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रावार्या ने विजेता, उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। उधर, डा. सुनील दत्त शर्मा ने बताया कि इस दौरान आयोजित लंबी कूद पुरुष वर्ग में साहिल, आदर्श, नन्हे वर्मा, महिला वर्ग में काजल, रमा देवी, अंजलि देवी ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा महिला वर्ग की ऊंची कूद में अंजलि शर्मा, रमा देवी, वंदना कुमारी, पुरुष वर्ग में निखिल, नन्हे वर्मा, साहिल, महिला शॉट पुट में हर्ष भाटिया, रमा देवी, वंदना कुमारी, पुरुष वर्ग में प्रवीण कुमार, विश्वजीत, जसविंद्र सिंह, डिस्कस थ्रो महिला वर्ग में वंदना, हर्ष भाटिया, रमा देवी, पुरुष वर्ग में रिंकू, अभय शर्मा, जसविंद्र, जेवलियन थ्रो महिला वर्ग में वंदना, रमा देवी, अंजलि शर्मा, पुरुष वर्ग में विशाल कुमार, प्रवीण कुमार, काजल नेहा ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा स्थान हासिल किया।

156. Award Ceremony of NCC BEE Certificates dated 14.12.2018

# समाजसेवा का पढ़ाया पाठ




राजकीय महाविद्यालय अम्ब में आयोजित शिविर में मौजूद एनएसएस स्वयंसेवी व स्टाफ सदस्य ● जागरण

संवाद सहयोगी, अम्ब : राष्ट्रीय सेवा योजना का मतलब मिलजुल कर रहते हुए निःस्वार्थ भाव से एक दूसरे का सहयोग करना है। यही कारण है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में स्वयंसेवियों को घर से दूर रहते हुए न केवल अपना काम स्वयं करना होता है, बल्कि अपने साथियों का भी सहयोग करना होता है। वीरवार को महाराणा प्रताप कॉलेज अम्ब के प्राचार्य दर्शन सिंह ने सात दिवसीय एनएसएस शिविर में कहा कि इस तरह के कैंपों से विद्यार्थियों में अनुशासन की भावना पैदा होती है, समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने से लोगों की सेवा का भाव पैदा होता है। दर्शन सिंह ने इस मौके पर पौधरोपण भी किया व स्वयं सेवियों को पौधरोपण का महत्व बताते हुए इसके प्रति प्रोत्साहित किया। स्वयंसेवियों ने सिविल अस्पताल अम्ब में जाकर अस्पताल की कार्यप्रणाली जानी और मरीजों से मिले।

दोपहर के सत्र में अधिवक्ता रमेश चौधरी ने बच्चों को सूचना के अधिकार के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि अब कोई भी कार्य आमजन से छु[illegible] हुआ नहीं है। किसी भी कार्यालय [illegible] संबंधित जानकारी को हम सूचना [illegible] अधिकार के तहत प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर कार्यालय को ए[illegible] महीने के अंदर प्रार्थी को सूचना दे[illegible] आवश्यक होता है। इस अवसर पर प्[illegible] सुनील दत्त शर्मा, प्रो. सतिंदर शर्मा, एन[illegible] एस प्रभारी डॉ. सुरुचि शर्मा व प्रो. श्या[illegible] कालिया भी उपस्थित रहे।

157. NSS Special camp in Amb Hospital and lecture on RTI on 22.12.2018

# अंब कॉलेज के स्टाफ ने गरीबों को बांटा सामान



गरीबों को राहत सामग्री देता कॉलेज स्टाफ। *अमर उजाला*

**अंब (ऊना)।** राजकीय महाविद्यालय अंब में सात दिवसीय एनएसएस शिविर प्राचार्य अलका शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयंसेवियों द्वारा कैंप में की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस हमें अनुशासन में रहकर समाजसेवा का संदेश देता है। शिविर के समापन समारोह में स्वयंसेवियों की तरफ से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर अंब के वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चौधरी, स्वास्थ्य विभाग अंब से खंड पर्यवेक्षक विजय शर्मा, खंड स्वास्थय शिक्षक राजेश शर्मा, अनुवाला मौजूद रहे। प्राचार्य अलका शर्मा, प्रो. दर्शन धीमान, प्रो. सुनील दत्त शर्मा, कॉलेज एनएसएस प्रभारी प्रो. सुरुचि शर्मा, प्रो. शाम कालिया ने स्थानीय झुग्गी-झोंपड़ी क्षेत्र में जाकर गरीब परिवारों को राहत सामग्री का वितरण किया। ब्यूरो

.

158. Closing ceremony of NSS 7-day camp dated 26.12.2018

# समूह नृत्य में विज्ञान संकाय के विद्यार्थी प्रथम



*अम्ब : अम्ब कालेज में आयोजित केंद्रीय छात्र परिषद संघ समारोह के दौरान भांगड़े की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।* (अश्विनी)

अम्ब, 21 फरवरी (अश्विनी): महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में केंद्रीय छात्र परिषद संघ का समारोह अंतर विभागीय प्रतियोगिता के रूप में मनाया गया। वीरवार को आयोजित समारोह में प्राचार्या अलका शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान एवं शिक्षा प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उनका सर्वांगीण विकास करना है, इसलिए ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन नितांत आवश्यक है।

समारोह में महाविद्यालय के कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं स्वपोषित विभाग सहित 4 संकायों के छात्रों ने एकलगान, एकल नृत्य, समूहगान, समूह नृत्य, स्किट व माइम सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समारोह में प्रो. अनिल वर्मा, प्रो. प्रीति और प्रो. श्रुति ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। निकले नतीजों में एकलगान में कला संकाय, समूहगान में विज्ञान संकाय, समूह नृत्य में विज्ञान संकाय तथा स्किट व माइम में विज्ञान संकाय के प्रतिभागी प्रथम रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

ig 37 CSCA Interfaculty competition, 22-2-19, Punjab Kesari

159. CSCA Function dated 21.02.2019



# छात्रों ने भंगड़े पर मचाया धमाल

## अंब कॉलेज में वार्षिक समारोह की धूम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए दिए 11 हजार रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

अंब (ऊना)। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक बलबीर चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कॉलेज प्राचार्य अलका शर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया और कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट और उपलब्धियां गिनवाईं।

इस मौके पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। देश भक्ति के गीतों पर दमदार प्रस्तुतियां समारोह का आकर्षण रहीं। भंगड़े की जोरदार प्रस्तुति ने भी जमकर दर्शकों की तालियां बटोरीं।

इस अवसर पर विधायक बलबीर सिंह ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए 11 हजार दिए। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ के प्रो. दर्शन धीमान, डॉ. सुनील दत्त शर्मा, मोनिका प्रभाकर, डॉ. सीमा शर्मा, रेखा शर्मा, प्रो. रेखा गुप्ता, प्रो. मोहिंद्र, प्रो. नितिन, प्रो. अमित, प्रो. मनोज कश्यप, प्रो. प्रीति वर्मा, प्रो. राम कालिया, डॉ. मुक्ता, डॉ. सुरुचि शर्मा, प्रो. अनीता, प्रो. विदित, प्रो. रणबीर सिंह, प्रो. जगमोहन, प्रीती, प्रो. शालू, प्रो. शिल्पा, पवन कुमार शर्मा, चिंतपूर्णी मंडल भाजपा महामंत्री जयदेव खद्दा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट संदीप शर्मा, कंचन रायजादा मौजूद थे।

अंब कॉलेज के वार्षिक समारोह में विजेताओं को पुरस्कार देते विधायक बलबीर चौधरी। अमर उजाला

## विधायक बलबीर ने इन मेधावी विद्यार्थियों को नवाजा

खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता विश्वजीत, दौड़ में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल करने वाले बादल चौधरी और कांस्य पदक पाने वाले नंदे वर्मा, अजय कुमार, मनीश कुमार, जसविंदर सिंह, प्रवीन कुमार, साहिल डडवाल, विनय ठाकुर, निखिल डडवाल, रिंकू, विशाल कुमार, अभय शर्मा, शिक्षा के क्षेत्र में करिश्मा, शिवानी कौंडल, अंकिता कुमारी, पूजा रानी, परनीत कौर मान, नमनदीप, संदीप ठाकुर, रेखा रानी, अंचल, अंकिता शर्मा, प्रमोद कुमार, आशिता, लक्ष्मी देवी, पूजा, तनुज, शिखा, आरती जसवाल, रुचि डोगरा, दीक्षा, सुरुचि चौहान, सुनिधि डोगरा, भावना शर्मा, संतोष कुमारी, राघव मोहन कालिया, आदित्य सिंह राणा, कंचनबाला, नीरज कुमार, सलमा बेगम, प्रियंका देवी, रेखा कौंडल, अरविंद सिंह हीर, आशा देवी, श्वेता ठाकुर, अर्जुन परमार, साक्षी, पूनम, सुनीता देवी, सोनाली, अंजलि, आदित्य सिंह, साहिल, रमा देवी, काजल, वंदना कुमारी, अंजलि शर्मा, हर्ष भाटिया, एकता रानी, अलका जसवाल, प्रिया, पल्लवी ठाकुर, ज्योति बाला, मनीष, आशीष चौधरी, उमेश राणा, साहिल, सलमान खान, गौरव, एनसीसी के लिए मुस्कान, शिवानी, ज्योति धीमान, हर्ष भाटिया, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के लिए रिंकू, अविनाश भाटिया, नेहा, साक्षी, पूजा रानी, प्रिया शर्मा, आशा देवी, कंचन बाला, रेखा कौंडल, साक्षी, आरजू, अंजना, नमनदीप, आकृति, सोनाली राणा, सामर्थ्य कुमार, पल्लवी ठाकुर, शालिनी देवी, विवेक कुमार, सलमा बेगम, साक्षी पुरी, हिमांशु, आशीष ठाकुर, प्रतीक भारद्वाज, हिमानी ठाकुर, अमन शर्मा, रितिका राणा, अंकित, मेघा शर्मा, रिंकू, निधि, रुचि ठाकुर, मोनिका ठाकुर, तमन्ना शर्मा, श्रेया शर्मा, अंजलि, शिवानी, प्रियंका, आरती, नीलम कुमारी, शानू, समीक्षा, नवनीत कुमार, शिवांश, शिवानी, पल्लवी, अंबिका, शिवानी, कल्पना, प्रत्याशा, अमन, एकता रानी, प्रियंका देवी, नजमा, सुप्रिया, पलक, मनीषा, वैशाली, करन, अनुबाला, रुचि, रजनी, कल्पना, श्वेता, आशा, साक्षी, सीएससीए सदस्य शिवानी, अनु बाला, रीना देवी, मनमोहन शामिल हैं।

160. Annual Prize Distribution Function dated 23.02.2019

.



राजकीय महाविद्यालय अम्ब में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व अध्यापक • जागरण

# एड्स के खिलाफ जागरूक किया

संवाद सहयोगी, अम्ब : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में बुधवार को रेड रिबन क्लब के सौजन्य से पोस्टर मेकिंग व कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य अलका शर्मा ने की। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों के साथ एड्स जैसी भयानक बिमारियों पर चर्चा करते हुए इन बीमारियों की रोकथाम एवं उसके उपचार के उपाए भी साझा किए। कहा जागरूकता ही इसका सही बचाव है। एचआइवी एड्स छूने, हाथ मिलाने, गले लगाने, मच्छर के काटने से, साथ-साथ खाना खाने से नहीं होता। यह असुरक्षित यौन संबंध बनाने, इंजेक्शन लगाते समय संक्रमित सुई का प्रयोग करने से होता है। इंजेक्शन लगाने के लिए हमेशा नई सुई का ही इस्तेमाल करें। इस मौके पर उनके साथ कार्यक्रम प्रभारी प्रो. श्याम कालिया, डॉ. नितिन कुमार शर्मा सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

Fig 41 Red Ribbon Club Activity, 07-3-19, Dainik Jagran

161. Lecture on AIDS dated 06.03.2019



राजकीय महाविद्यालय अंब में बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान विद्यार्थी और अन्य। अमर उजाला

162. Distribution of medicines on National Deworming Day dated 01.05.2019